


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 186 | ग्वालियर सोमवार 13 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# शिवराज के मंत्रियों को मिले विभाग

## मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक लोधी को पार्टी में शामिल किया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवराजसिंह मंत्रीमंडल में आज रविवार को मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है, लम्बी जद्दोजहद के बाद किए गए बंटवारे में ज्योतिरादित्य समर्थकों को महत्वपूर्ण विभाग दे दिए गए है, यहां तक कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए प्रद्युम्न सिंह लोधी को नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा रहेगा. बताया जाता है कि शिवराज मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर उठापटक चल रही थी, केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद आज रविवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया है.

## कांग्रेस विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी भाजपा में शामिल, अब 25 सीटों पर उपचुनाव होंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बड़ा मलहरा से कांग्रेस विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने विधायक लोधी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद थे। विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद लोधी ने कहा कि मैं बुंदेलखंड के विकास के लिए भाजपा में आया हूं। भाजपा ने क्षेत्र के विकास का जो रोडमैप तैयार किया है उससे बुंदेलखंडवासियों को कई सुविधाएं मिलेंगी। भाजपा कार्यालय में उन्हें औपचारिक रूप से सभी के सामने सदस्यता दिलाई गई। उपचुनाव से पहले कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इसके पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों ने इस्तीफा देकर कांग्रेस की सरकार गिरा दी थी। यह बात सामने आ रही है कि पिछले कुछ दिनों से प्रद्युम्न सिंह लोधी उमा भारती और अन्य भाजपा नेताओं के संपर्क में थे। पिछले दिनों वे सीएम शिवराज सिंह चौहान से भी मिलने पहुंचे थे। मध्य प्रदेश में पहले 24 सीटों पर उपचुनाव होना था लेकिन अब लोधी के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश में 25 सीटों पर उपचुनाव होंगे। लोधी का परिवार शुरूआत से ही संघ से जुड़ा रहा है। पिछले चुनाव में वे भाजपा से अलग हो गए थे और अब वापस भाजपा में लौट आए।

### मध्य प्रदेश में मंत्रियों एवं विभागों के नाम-

- नरोत्तम मिश्रा, गृह एवं संसदीय कार्य
- अरविंद भदौरिया सहकारिता विभाग
- ओमप्रकाश सकलेचा एमएसएमई, लघु, कुटीर ▸▸ एवं मध्यम उपक्रम
- गोविंद सिंह राजपूत परिवहन विभाग
- गोपाल भार्गव पीडब्ल्यूडी विभाग
- भूपेंद्रसिंह  नगरीय प्रशासन विभाग
- मोहन यादव उच्च शिक्षा विभाग
- जगदीश देवड़ा वित्त विभाग
- यशोधराराजे खेल विभाग
- विश्वास सारंग तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
- इमरती देवी  महिला एवं बाल विकास विभाग
- महेंद्र सिंह सिसोदिया चिकित्सा विभाग
- एदल सिंह कंसाना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागद्ध
- राजवर्धन सिंह दत्तीगांव  उद्योग विभाग
- बिसाहूलाल सिंह खाद्य एवं आपूर्ति विभाग
- आज कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए प्रद्युम्र सिंह
- लोधी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा- कांग्रेस से भाजपा में आज ही शामिल हुए
- प्रद्युम्न सिंह लोधी को नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा रहेगा.

# कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी; सचिन पायलट की खुली बगावत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अगुवाई वाली राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी मतभेद अब खुलकर सामने आ गया है। पायलट ने बागी तेवर अख्तियार कर लिए हैं। रविवार की रात उन्होंने कहा कि वो सोमवार को सुबह होने वाली कांग्रेस विधायकों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वो जयपुर नहीं लौट रहे हैं। उनकी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी मुलाकात नहीं हुई है। सचिन पायलट के समर्थक विधायक इस वक्त दिल्ली में हैं और पायलट भी। इस बात की खबरें थी की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद बगावत के सुर थम जाएंगे। लेकिन, ऐसा होता नहीं दिख रहा है। सचिन पायलट ने कहा कि गहलोत सरकार अल्पमत में आ गई है। सचिन पायलट ने यह भी कहा कि कई निर्दलीय विधायक हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि 30 विधायक हमारे समर्थन में हैं। दावा किया जा रहा है कि ये सभी बीजेपी के संपर्क में हैं। पायलट समर्थक विधायकों



का कहना है कि सचिन पायलट जो निर्णय लेंगे वो स्वीकार होगा। गौरतलब है कि विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की तरफ से उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को भेजे गए नोटिस के कारण उनके खेमे में नाराजगी है। हालांकि, इस मामले पर सीएम गहलोत सफाई दे चुके हैं।

### राजस्थान के विधायकों ने बगावत से किया इनकार

राजस्थान में सियासी संकट के बीच कांग्रेस के दिल्ली पहुंचे विधायकों ने यह दावा किया है कि वे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हैं। विधायक रोहित बोहरा कल दिल्ली पहुंचे थे उन्हें सचिन पायलट कैंप का हिस्सा माना जा रहा था। रोहित बोहरा ने जोर देकर कहा कि उनकी दिल्ली की यात्रा %व्यक्तिगत% थी और यहीं पर उनकी मुलाकात अन्य दो विधायकों के साथ हुई, जो अपने-अपने काम से वहां थे। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और हमेशा पार्टी के साथ खड़े हैं। इस बीच खबर है कि सचिन पायलट को भाजपा की ओर से कहा गया है कि पहले वह राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार गिराएं।

### कांग्रेस में प्रतिभा और क्षमता पर कम ही भरोसा किया जाता है - सिंधिया



राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार पर छाये संकट के बीच उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के पुराने मित्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट करके आरोप लगाया है कि कांग्रेस में प्रतिभा और क्षमता पर कम ही भरोसा किया जाता है । ज्योतिरादित्य सिंध?िया ने ट्वीट किया, %यह देखकर दुखी हूं कि मेरे पुराने सहयोगी सचिन पायलट को भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दरकिनार कर दिया गया। यह दिखाता है कि कांग्रेस में प्रतिभा और क्षमता पर कम ही भरोसा किया जाता है।% इस बीच पायलेट को भाजपा की ओर से कहा गया है कि पहले वह राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार गिराएं। पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री पद देने से इनकार किया है। क्योंकि राज्य में वसुंधरा राजे के समर्थन में भाजपा के 45 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने भी सचिन पायलट से बात की है और सभी मुद्दों को समझाया है।

## अमिताभ और अभिषेक के बाद ऐश्वर्या और आराध्या भी निकलीं कोरोना संक्रमित



अमिताभ बच्चन के लिए फैन्स कर रहे दुआ, मुंबई-कोलकाता में हुई पूजा

**मुंबई ।** बॉलिवुड में कोरोना संक्रमण का कहर असर दिखाने लगा है। बिग बी अमिताभ बच्चन और अभिषेक के बाद अब ऐश्वर्या राय और उनकी बेटी आराध्या भी कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव मिली हैं। पहले उनका एंटिजन टेस्ट नेगेटिव आया था लेकिन अब उनका स्वैब टेस्ट पॉजिटिव आया है। हालांकि अभी तक ऐश्वर्या और आराध्या घर पर ही हैं, लेकिन संभव है कि उन्हें जल्द ही नानावटी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि घर के अन्य सदस्यों और जया बच्चन का टेस्ट अभी तक नेगेटिव ही आया है। बता दें कि शनिवार को अमिताभ बच्चन और अभिषेक को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके पहले बीएमसी ने रविवार की सुबह ही अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा का सैनिटाइजेशन कर उस कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। ऐश्वर्या और आराध्या की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने ट्वीट कर जानकारी दी।



## केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल कोविड महामारी से लड़ने में भी अहम योगदान दे रहेः गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'अखिल भारतीय वृक्षारोपण अभियान' के तहत आज केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के गुरुग्राम स्थित परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मैं हमारे सशस्त्र बलों के वीर जवानों का अभिनंदन करता हूँ और उन्हें बधाई देता हूँ जो देश की रक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करने वाले इस विशाल अभियान के माध्यम से देशभर में 1.37 करोड़ से अधिक लंबी आयु वाले वृक्षों के पौधे लगा रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देशभर के हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन की सुरक्षा तथा आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई के साथ ही कोविड-19 महामारी से लड़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अमित शाह ने इस महामारी में जान गँवाने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 31 कोरोना वॉरियर्स को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन कोरोना वॉरियर्स का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और कोरोना के ख़िलाफ़ लड़ाई के इतिहास में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब पूरी दुनिया एक बड़े संकट का सामना कर रही है। वर्षों के इतिहास में इस तरह की महामारी का जिक्र नहीं मिलता है और आज पूरे विश?व में कोरोना महामारी मानव जीवन के अस्तित्व से लड़ाई कर रही है।

**गुरुग्राम में अखिल भारतीय वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया**

## आत्मनिर्भर भारत पैकेज, अब तक की प्रगति : वित्तमंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए 12 मई, 2020 को 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक और व्यापक पैकेज की घोषणा की जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 10त्र के बराबर है। उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभों- अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, प्रणाली, युवा आबादी और मांग - को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद वित्त एवं कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 मई से 17 मई 2020 तक निरंतर प्रेस कांफ्रेंस के जरिये आत्मनिर्भर भारत पैकेज का विवरण पेश किया। वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालयों ने अत?यंत शीघ्र आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक पैकेज से संबंधित घोषणाओं को लागू करना शुरू कर दिया है।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


# ग्वालियर में कोरोना ब्लास्ट, 108 मरीज मिले

**ग्वालियर।** प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी जिले में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है! रविवार को अकेले ग्वालियर जिले में ही 108 पॉजीटिव मरीज मिले हैं जबकि मुरैना में 31, शिवपुरी व भिंड में 10-10, दतिया व श्योपुर में 3-3 मरीज मिले हैं। ग्वालियर जिले में कोरोना के मरीजों मरीजों की संख्या 1000 के पार हो चुकी है पिछले 9 दिन के अंदर ही ग्वालियर जिले में कोरोना के 557 नए मरीज मिले हैं। जयारोग्य हॉस्पिटल की माइक्रोबायलॉजी लैब ने आज 2078 सेम्पल की रिपोर्ट जारी की है जिनमें 165 मरीज पॉजीटिव पाए गए हैं। 5 पुलिसकर्मियों को भी पोजीटिव पाया गया है आज आई रिपोर्ट के बाद ग्वालियर जिले में कुल मरीज 1014 हो गए हैं। आज शहर के डीबी सिटी एवं हरिशंकर पुरम जैसी पॉश कॉलोनियों के अलावा जनकगंज, सिकन्दर कम्पू जैसे मौहल्ले भी शामिल हैं इसके अलावा न्यू दर्पण कॉलोनी, सीपी कॉलोनी, टेकनपुर और डबरा देहात में भी मरीज मिले हैं। कल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ग्वालियर मैं कहा था कि यहां का पानी अच्छा है जिससे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अच्छी है! उनके यह कहने के बाद ही आज शहर में कोरोना के एक सैकड़ा मामले सामने आ चुके है! वहीं ग्वालियर जिले में अब तक पांच कोरोना के मरीजों की मौत हो चुकी है! इस बीच ग्वालियर सहित समूचे चंबल संभाग में रविवार को टोटल लोकडाउन रहा। दुकानें बंद रहीं और पुलिस ने सख्ती बरतते हुए लोगों को सड़कों पर निकलने से रोका। कई जगह चालान भी किए गए। रविवार को लॉकडाउन के बावजूद भी लोग बेवजह सड़कों पर घूमते नजर आए!

**मुरैना में 31, शिवपुरी व भिंड में 10-10, दतिया व श्योपुर में 3-3 मरीज पाजिटिव**

# नरोत्तम मिश्रा एवं ओपीएस भदौरिया का मालनपुर से लेकर गोहद, मेहगांव तक अभूतपूर्व स्वागत कर पार्टी नेताओं ने की अगुवानी

**पुष्पांजली टुडे भिंड।**

मध्य प्रदेश सरकार में ग्रह एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण संसदीय कार्य मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा एवं नवनियुक्त राज्य मंत्री ओ पी एस भदोरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रवास पर भिंड जिले के गोहद, मेहगांव विधानसभा में आगामी दिनों में उपचुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत के लिए सैकड़ों तोरण द्वार आतिशबाजी ढोल नगाड़ों के साथ अगुवानी करते हुए पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डॉ मिश्रा एवं ओ पी एस का मालनपुर में प्रवेश होते ही अगुवानी करते हुए स्वागत किया । जैसे-जैसे उनका काफिला आगे बढ़ता गया कार्यकर्ता अपने हाथों में माला लिए दोनों मंत्रियों के स्वागत के लिए उत्साहित थे और उनकी गाड़ी को बीच में ही रोक कर पुष्प मालाओं से उन्हें लाद दिया । मेहगांव विधानसभा के पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य पूर्व विधायक रणवीर सिंह जाटव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गोहद



चौराहे पर उनकी अगुवानी की और वही मंडी के पास भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता , किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित राजनारायण शर्मा ने अपने निवास स्थान पर बैंड बाजों के साथ रोली और तिलक तथा श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया जहां भारी संख्या में कार्यकर्ता उनके साथ थे । कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर मिश्रा एवं ओ पी एस को फलों से तोला प्रदेश के गृहमंत्री डॉ मिश्रा और नवनियुक्त राज्य मंत्री ओ पी एस भदोरिया को जगह जगह पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सर्व समाज में अपने निवास स्थानों एवं चौराहे पर फलों से तौल कर उनकी अगवानी की । वहीं संपूर्ण गोहद वासियों की ओर से 51 किलो का बड़ा हार पहना कर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया । सम्मेलन के समापन के बाद गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा एवं राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया अपने काफिले के साथ मेहगांव समाजसेवी एवं भाजपा नेता अशोक भारद्वाज के स्थित निवास पर भी पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने उनका पुष्पमाला एंड बैंड बाजों की धुन के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया । मध्य प्रदेश



सरकार के गृह मंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा एवं नवनियुक्त राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया के मेहगांव प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर जिला मंत्री रक्षपाल सिंह राजावत जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया अजय त्यागी मोनू नरवरिया के साथ सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने मेहगांव के गुरमीत राय चौराहे पर उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया और वही कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित विजय संकल्प सभा में 51 किलो की बड़ी माला पहनाकर उनका सम्मान किया । जितेंद्र सिंह जयपाल सिंह भदोरिया मनीष सिंह लक्ष्मण सरपंच मनोज प्रवेश शर्मा सोनू भदोरिया भभुआ बृजेश शर्मा सरपंच बरहर प्रभात किशोर दुबे लल्ला प्रेम नारायण शर्मा सरपंच बिजली घर समाजसेवी अशोक भारद्वाज शिव शक्ति गार्डन रामसेवक राठौर राम सिया राठौर कालीचरण राठौर श्रीमती सुधा राठोर एवं समस्त राठौर समाज द्वारा खेरिया बाग महिला मोर्चा की जिला मंत्री एवं पार्षद श्रीमती बबली तोमर डॉक्टर योगेंद्र सिंह तोमर जिला महामंत्री श्रीमती पूर्णिमा अरविंद सिंह भदोरिया ने पुष्पमाला उसे ऐतिहासिक स्वागत किया जगह जगह स्वागत द्वार भी बनाए गए और कार्यक्रम स्थल तक दोनों मंत्रियों का पार्टी कार्यकर्ताओं एवं मेहगांव क्षेत्र की जनता द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया । गोहद चौराहे पर भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर गोहद कृषि मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर दीपक सिंह तोमर ने भी उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया ।

# गौ माता की रक्षा करना संपूर्ण ग्राम वासियों की पहली प्राथमिकता

**पाली।** विश्वव्यापी महामारी के चलते भारत सरकार द्वारा मानव जीवन को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा संपूर्ण प्रयास किए जा रहे आज ग्राम पंचायत वडेर वास के सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी ने बताया कि कोविड-19 की महामारी को देखकर संपूर्ण ग्राम वासियों ने बेजुबान मुख बधिर पशुओं की कमान संभाली पाली जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के वडेर वासग्राम पंचायत के सहायक ग्राम रामपुरा में प्रभु प्रेमी गौशाला का निर्माण कार्य किया गया जिसमें वर्तमान समय की स्थिति के अनुसार भीषण संकट की स्थिति को देखकर संपूर्ण रामपुरा ग्राम वासियों ने गौ माता की रक्षा करने का संकल्प लिया और उसी संकल्प के



अनुसार प्रभु प्रेमी गौशाला में आज से आप लोग आए अपना जीवन सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन बितातीप्रभु प्रेमी गौशाला में भामाशाह के सहयोग से पशुओं के चारा पानी की संपूर्ण व्यवस्था कीअभी वर्तमान समय में संपूर्ण ग्राम वासियों के सहयोग एवं भामाशाह के सहयोग से प्रभु प्रेमी गौशाला में पशुओं के के लिए चारा ग्रह बनाया गया वर्तमान समय में प्रभु प्रेमी गौशाला के पास सरकारी गोचर भूमि मे जैन समाज की संस्था एवं भामाशाह के सहयोग से अंग्रेजी बबूल हटाने का कार्य क्या शुरू जिसमें सैकड़ों हजारों गए अंग्रेजी बबूल के कटीले कांटो से होगी मुक्त सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी ने बताया कि वर्तमान समय में संकट की स्थिति को देखकर स्थानीय संपूर्ण ग्राम वासियों के महत्वपूर्ण सहयोग से प्रभु प्रेमी गौशाला का निर्माण कार्य किया गया और अभी भीषण गर्मी के महत्वपूर्ण समय को देखकर संपूर्ण ग्राम वासियों ने संकल्प लिया कि गौ माता की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता।

## अंबाह पुलिस ने 80 हजार की अवैध देशी मदिरा पकड़ी

**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी अवनीश बंसल को सूचना मिली कि अंबाह के जेल मोड़ पर एक व्यक्ति चार पहिया अवैध लोडिंग वाहन में शराब लेकर कांस के पुरा जा रहा है तब टीआई शिव सिंह यादव ने कार्यवाही करते हुए फोर्स के साथ उक्त वाहन को पकड़ लिया पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम भूपेंद्र कुशवाह पुत्र रामभरोसी कुशवाह निवासी हनुमान की तोर बताया पुलिस ने जब लोडिंग वाहन की तलाशी ली तो उसमें उसमें 20 पेटी देसी शराब पाई गई पुलिस ने जब भूपेंद्र से शराब रखने का बेचने का लाइसेंस मांगा तो उसने मना कर दिया शिव सिंह यादव के अनुसार इस 80 लीटर अवैध शराब की कीमत लगभग 80 हजार रुपयेहै पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# जगनेर मार्ग पर जंगल में एक युवक का शव मिला

## खेरागढ़ पुलिस ने किया केश का खुलाशा

**राहुल कुमार**

**आगरा।** खेरागढ़ शुक्रवार की सुबह आगरा जगनेर मार्ग स्थित गढ़ी ताल मार्ग के समीप जंगल में एक युवक का शव मिला है युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार थाना प्रभारी अवधेश कुमार अवस्थी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुच गये और जांच पड़ताल में जुट गये युवक की जेब से शहीद खाँ पुत्र हबीब खॉन निवासी ईदगाह कटघर आगरा के नाम का आधार कार्ड मिला है जिश से म्रतक की पहचान की गई और 48 घण्टो के बाद पुलिस ने किया केश का खुलाशा शातिर मुजिरिमो किया ग्रप्तार पत्नी ने ही अपने प्रेमी से कराई थी हत्या पूछताछ / गिरफ्तार अभियुक्तों से उपरोक्त घटना के सम्बंद में गहनता से पूछताछ की गयीं तो बताया कि मृतक की पत्नी जतला का पडोस में रहने बाले राहुल हुसैन पुत्र शरीफ निवासी रैना नगर नई आबादी धनोली आगरा (गिरफ्तारी )1राहुल हुसेन पुत्र शरीफ निवासी रैना नगर धनोली 2 इमरान पुत्र मुन्ना निवासी रैनानगर नई आबादी धनोली थाना मालपुरा आगरा 3 अभियुक्त गजाला पत्नी शहीदखान निवासी ईदगाह घटकर थाना रकाबगंज जनपद आगरा (बरामदी का विवरण ) आलाकत्ल चुरा म्रतक का टेम्पो (गरफ्तार करने वाली पुलिस का विवरण)1 प्रभारी निरीक्षक श्री अभदेश कुमार अवस्थी थाना खेरागढ़ 2श्री विपिन कुमार3श्री मिहित कुमार थाना खेरागढ़ और समस्त खेरागढ़ पुलिस टीम ।

# दो दिन पूर्व हुई शहीद खान पुत्र हबीब खान की हत्या का किया गया खुलासा



**रिपोर्टर खेरागढ़.राजकुमार राजपूत**

खेरागढ़ शुक्रवार की सुबह आगरा जगनेर मार्ग स्थित गढ़ी ताल मार्ग के समीप जंगल में एक युवक का शव मिला था युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार थाना प्रभारी अवधेश कुमार अवस्थी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुच गये और जांच पड़ताल में जुट गये युवक की जेब से शहीद खाँ पुत्र हबीब खॉन निवासी ईदगाह कटघर आगरा के नाम का आधार कार्ड मिला था जिस से मृतक की पहचान की गई और 48 घण्टो के बाद पुलिस ने किया केश का खुलाशा शातिर मुजरिमो को किया गिरफ्तार पत्नी ने ही अपने प्रेमी से कराई थी हत्या पूछताछ मैं गिरफ्तार अभियुक्तों से उपरोक्त घटना के सम्बंद में गहनता से पूछताछ की गयीं तो बताया कि मृतक की पत्नी गजाला का पडोस में रहने बाले राहुल हुसैन पुत्र शरीफ निवासी रैना नगर नई आबादी धनोली आगरा का गजाला पत्नी शहीद का का प्रेम प्रसंग चल रहा था (गिरफ्तारी )1राहुल हुसेन पुत्र शरीफ निवासी रैना नगर धनोली 2 इमरान पुत्र मुन्ना निवासी रैनानगर नई आबादी धनोली थाना मलपुरा आगरा 3 अभियुक्त गजाला पत्नी शहीदखान निवासी ईदगाह घटकर थाना रकाबगंज जनपद आगरा (बरामदी का विवरण ) हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ ऑटो किया पुलिस ने बरामद गिरफ्तार करने वाली पुलिस का विवरण प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार कुमार अवस्थी थाना खेरागढ़ श्री विपिन कुमारश्री मोहित कुमार थाना खेरागढ़ और समस्त खेरागढ़ पुलिस टीम

## डॉ सिमरन रंधावा महिला मोर्चा की बनी प्रदेश अध्यक्ष

शाह शक्ति सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय सुनील कुशवाहा जी एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार मोदी जी राष्ट्रीय संगठन मंत्री सचिन



कुमार मोदी एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विकास भारद्वाज जी की अनुशंसा के आधार पर डॉक्टर सिमरन रंधावा कोलारस को मध्य प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है एवं अनु शर्मा जी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है श्रीमती नीलम ड्ढद्धठ्ठस्त्रड्ड्य जी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया जाता है एवं शालू गोस्वामी जी को राष्ट्रीय स्टार प्रचारक की पद पर नियुक्त किया गया है एवं बहन अर्चना झा जी को प्रदेश उपाध्यक्ष बहन सर्वजीत जी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है मध्य प्रदेश महिला मोर्चा की टीम में सभी मातृशक्ति को महिला पदाधिकारी बनने पर अनेकानेक बधाइयां शुभकामनाएं शुभकामनाएं देने वालों में

# कोरोना पोजटिव व्यक्ति के संपर्क में आये 55 लोग किए क्वारंटाईन

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

बिलासपुर जिला में शुक्रवार को तीन लोग कोरोना पोजटिव आये थे जिन में से दो व्यक्ति इंस्टीचयूशनल क्वारनटाईन में थे जबकि एक व्यक्ति होम क्वारनटाईन में था ! जिला प्रशासन ने इनकी रिपोर्ट पोजटिव आते ही इन सभी लोगो को कोविड 19 केयर सेण्टर (शिवा आयुर्वैदिक अस्पताल चाँदपुर )में शिफ्ट कर दिया ! जिसके बाद जिला प्रशासन होम क्वारनटाईन व्यक्ति के कोरोना पोजटिव आने के बाद एकदम हरकत में आया और शनिवार को खंड चिकित्सा कार्यालय से एक टीम बंदला पहुंची और वहा पर इस व्यक्ति के संपर्क में आये लोगो का आंकडा एकत्रित कर उन सभी को क्वारनटाईन किया ! शनिवार को कार्यकारिणी खंड चिकित्सा अधिकारी डा वरुण शर्मा ने इपनी टीम सहित इस क्षेत्र का दौरा किया और इस व्यक्ति के संपर्क में आये सभी लोगो को क्वारनटाईन किया ! डा वरुण के अनुसार यह व्यक्ति बिहार का रहने वाला है और 3 जुलाई को बिहार से हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में काम करने के लिए पहुंचा था ! जिसके बाद जिला प्रशासन ने इस व्यक्ति को होम क्वारनटाईन किया था ! परन्तु जहाँ यह व्यक्ति रह रहा था वहा इसके साथ 40 अन्य मजदुर रह रहे थे ! स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला को ही क्वारंटाईन सेण्टर बना कर इन सभी लोगो को हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में क्वारनटाईन कर दिया है जबकि 15 अन्य लोकल लोग जो इसके सेकेन्ड्री कॉन्टैक्ट में थे उन सभी को होम क्वारनटाईन कर दिया है ! अब स्वास्थ्य विभाग इन सभी लोगो के छ दिन बाद कोविड 19 के संपेल भरेगा ! संपेल की रिपोर्ट नेगटिव आने के बाद इन लोगो को क्वारनटाईन से वापिस भेजा जायेगा !

**- 40 लोग क्वारंटाईन सेण्टर में तथा 15 लोग होम क्वारंटाईन किए**

**इनका कहना**

कोरोना पोजटिव व्यक्ति के संपर्क में आये सभी 40 लोगो को हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में क्वारनटाईन कर दिया गया है जबकि 15 अन्य लोग जो इसके सेकेन्डरी कांटेक्ट में आये थे उन्हें होम क्वारनटाईन किया गया है ! इन सभी लोगो का छ दिन बाद कोविड 19 का संपेल लिया जायेगा !

**डा वरुण शर्मा**
**कार्यकरिणी खंड चिकित्सा अधिकारी**
**मार्कंड खंड**

## देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

**दिनारा।** शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर दिनारा पुलिस ने हाइवे रोड़ पर अवैध रूप से घूम रहे आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया है जानकारी के अनुसार सतीश प्रजापति पुत्र दयाचंद प्रजापति निवासी सिरसौना थाना करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया वही उक्त कार्रवाई में पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25ड्ड27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया ! चैकिंग के दौरान थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत के नेतृत्व में दिनारा पुलिस द्वारा कच्ची महुआ की शराब की बड़ी कार्यवाही की गई है । दिनारा पुलिस का स्टाफ कोराना वायरस को लेकर शांति, सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ है, इसी दौरान शुक्रवार को एच एफ डीलक्स मोटर सायकल पर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए जानकारी के अनुसार आरोपी परमाल जाटव पुत्र निर्भय जाटव अरविंद लोधी पुत्र रामकिशन लोधी निवासी ग्राम सिरसौना जिनके पास से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत करीबन 6500 की एवं उनकी एक बाईक जप्त की गई है

***फिल्मी स्टाइल में भेस बदलकर हिनोता थाना प्रभारी को मिली बड़ी कामयाबी**

# 30 हजार का इनामी डकैत रामअवतार केवट का साथी मनोज उर्फ (मन्ना) केवट गिरफ्तार

**चंदला।** थाना हिनोता अंतर्गत-30,000 के इनामी साथी बदमाश को हिनौता पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में भेष बदल कर पकड़ा,कुख्यात बदमाश रामअवतार केवट का साथी मनोज उर्फ (मन्ना) केवट जिसके पास से 1 बंदूक एक नली 4 जिन्दा कारतूस 15 हजार 800 रुपए नगद प्राप्त हुए है ,आरोपी पर हत्या लूट डकैती,हत्या के प्रयास छेड़छाड़ जैसे 1 दर्जन से अधिक संगीन अपराध छतरपुर पन्ना और बांदा जिलों में दर्ज है,हिनौता थाना प्रभारी जसवंत सिंह की टीम ने आरोपी को केन नदी के पुल के पास से गुप्त रूप से भेष बदलकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। *इनकी भूमिका रही मुख्य रूप से सराहनीय* *थाना प्रभारी यशवंत सिंह राजपूत ,प्रधान आरक्षक हरिश्चंद्र,आरक्षक हरिराम वर्मा, राजेंद्र,मुलायम सिंह देवांशु बाजपेई प्रमुख रूप से रही सराहनीय।

# सिंधिया के ट्यूट पर बयान को लेकर कौरव समाज आक्रोशित

दबोह(मोहित गोस्वामी)

मध्यप्रदेश में अभी हाल ही में बीजेपी के मंत्री मण्डल के बिस्तार के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया के ट्वीट पर बयान को लेकर क्षेत्रीय कौरव समाज मे गुस्सा फूट गया है विस्तार से जानकारी के लिए बता दे बीते रोज ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कॉग्रेस के खिलाफ ट्वीट कर कौरव समाज का उदाहरण देते हुये कहा गया कि कमलनाथ सरकार की कौरव सेना ने गरीबो को लूटने का कार्य किया है व जिन कौरवो ने गरीब जनता को लूटने का कार्य किया है उन्हें उपचुनाव में सबक सिखाया जाएगा जिसको लेकर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की कौरव समाज मे आक्रोश पैदा हो गया है आक्रोशित कौरव समाज के व्यक्तियों ने बीते रोज मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थलों पर ज्योतिरादित्य सिंधिया का पुतला दहन किया था इसी क्रम में दबोह क्षेत्र में भी पुतला दहन किये जाने पर 12 अज्ञात लोगो के खिलाप पुलिस प्रशासन ने धारा 188 के तहत दबोह थाने में प्रकरण दर्ज किया जिस पर कौरव समाज के युवा संगठन



**कौरवो ने किसी समाज को लूटा नही लुटाया है जितेन्द्र कौरव**

कौरव जाग्रति मंच के लोगो ने आज प्रेसबार्ता कर कहा कि सिंधिया जी के साथ अन्य राजनैतिक दलो के नेता भी आज कान खोल कर सुन ले कि अपने लाभ के लिए हमारी समाज पर आरोप लगाना बंद करो कभी भी कोई भी नेता राजनेता अपने लाभ के लिए हमारे समाज को बदनाम कर आगे बढ़ता नजर आता परंतु अब इन राजनेताओं की ऐसी हरकतों को बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जायेगा सिंधिया जी को हमारे समाज का इतिहास किसी को बताने की जरूरत नही है हमारी समाज ने किसी को लूटा नही बल्कि लुटाया है,कौरव समाज भारत में युगों से चला आ रहा है जिसमे एक से एक धनवान व शक्तिशाली राजा रहे है यदि आपको उदाहरण देना ही है व इतिहास बताना ही है तो आप स्वयं का उदाहरण दे अपनी गिरेवान में झांके अन्यथा किसी समाज के सम्मान को ठेस न पहुचाये वही कौरव जाग्रति मंच की ओर से जितेंद सरपंच ने कहा कि हम भीष्म पितामह जी के बंशज है जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को भी शस्त्र उठाने के लिये मजबूर किया था हमारी समाज को ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के बयान से ठेस पहुँची है हमारी समाज चुप बैठने बाली नही है यदि सिंधिया जी ने सामूहिक रूप से अपने बयान में कहे गये शब्दो को वापस नही लिया तो हम जल्द ही सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रशासन को ज्ञापन सौपकर आगे आंदोलन करने व आगे आने वाले चुनाव या उपचुनाव में वोट बहिष्कार करने पर विचार विमर्श करेंगे पुतला दहन में जिन अज्ञात सामाजिक लोगो पर मुकदमा पंजीबद्ध किया गया है उन्हें गिरफ्तार करने पर हमारी समाज एकजुट होकर सेकड़ो लोग थानों में गिरफ्तारी देगे इस प्रेस बर्ता में कौरव जाग्रति मंच पदाधिकारियों में जितेंद्र सिंह कौरव सरपंच मुरावली,कोमल सिंह पटेल,बी.पी.सिंह पटेल एडवोकेट अजीत सिंह राजू कौरव मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने में मध्यप्रदेश अव्वल

## 15 हजार 500 हितग्राहियों के 15 करोड़ 50 लाख ऋण स्वीकृत, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश के स्ट्रीट वेंडर्स ने दिया धन्यवाद, आत्मीय बातचीत से हुए खुश



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के संकट ने सबसे अधिक छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को प्रभावित किया लेकिन राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। इन्हें अपने रोजगार को चालू रखने और उसे बढ़ाने के लिए सहायता देने की योजना प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश अव्वल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सब्जी का ठेला लगाने वाले, चाट की दुकान चलाने वाले, सिलाई कार्य से जुड़े वर्ग और चाय आदि की दुकान संचालित करने वाले लघु व्यवसायियों को योजना का अधिकाधिक लाभ दिया जाएगा ताकि ब्याज के बोझ से बचकर ये सभी अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकें, परिवार की ठीक ढंग से गुजर बसर कर सकें। छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की आर्थिक परेशानियों को दूर करने के लिए सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के पथ विक्रेताओं से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा की गई आत्मीय बातचीत से स्ट्रीट वेंडर्स काफी खुश हुए अधिकांश ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को मामा कहकर ही संबोधित किया। सभी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को परिचय पत्र देने की कार्रवाई पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना की निरंतर समीक्षा होगी। शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के साथ ही ग्रामीण स्टेट स्ट्रीट वेंडर्स के लिए भी 10 हजार की ब्याज मुक्त सहायता देने की योजना संचालित की जा रही है। समय पर ऋण चुकाने पर अगले वर्ष दुगनी राशि अर्थात 20 हजार की राशि स्वीकृत की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कई बार छोटे व्यवसाय में लगे व्यक्ति की कर्ज चुकाते-चुकाते जिंदगी बीत जाती है। इस योजना में हितग्राही को ऋण राशि एक साल में लौटाने की सुविधा रहेगी और ब्याज न लगने से सबके व्यवसाय को संजीवनी मिलेगी। लोन की गारंटी सरकार वहन करेगी। बहुत से व्यवसाई जो व्यवसाय बंद कर चुके थे अब वे फिर से अपना काम-धंधा शुरू कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न जिलों के योजना में लाभान्वित हितग्राहियों से बातचीत की। अधिकांश लाभांवित हितग्राहियों का यही मानना था कि उन्हें संकट के समय सरकार ने बड़ा सहारा दिया है अनूपपुर की श्रीमती पूजा राठौर सिलाई कार्य करती हैं। उन्होंने इसी साल जनवरी महीने में 4 नई मशीन खरीदकर सिलाई कार्य प्रारंभ किया था। कभी यह अंदाज नहीं था कि कोरोना वायरस संकट आ जाएगा। श्रीमती पूजा ने बताया कि उसका व्यवसाय बंद हो गया। जमा पूंजी भी खत्म हो गई और वह कर्जदार हो गई। इस बीच राज्य सरकार की जीवन शक्ति योजना में उसने 200 मास्क बनाए, जिससे उसे 2200 रुपए की राशि मिल गई। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना में 10 हजार रुपए मिल जाने से वह फिर से अपना व्यवसाय शुरू कर पा रही है। आगर के श्री पंकज यादव चश्मे और पर्स आदि बेचने का कार्य करते हैं। उन्हें भी योजना में राशि मिली है और अब वे बहुत खुश हैं कि काम-धंधा ठीक तरह से चल सकेगा। भोपाल के श्री संतोष जोशी सब्जी का ठेला लगाते हैं। लॉकडाउन की अवधि में वे हताश हो गए थे। अब उन्हें आशा है कि प्रतिदिन कम से कम 300 रुपए की बचत हो सकेगी। भिंड के श्री गोपाल भी सब्जी का व्यवसाय करते हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनके कार्य को संचालित करने में अब दिक्कत नहीं आएगी। दतिया जिले के भांडेर के निशू चौधरी चाट का ठेला लगाते हैं। इन्हें भी योजना में सहायता प्राप्त हुई है। रायसेन के लखन अहिरवार फल व्यवसाई हैं। इन्हें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा था और अब योजना का लाभ मिलने से पूरा परिवार खुश है कि गाड़ी पटरी पर आ जाएगी। मंदसौर के श्री जयकुमार चाय का ठेला लगाते हैं। उन्हें भी परिवार की आर्थिक तंगी से मुक्ति मिली है। मुरैना के श्री बाथम पाव भाजी का ठेला लगाते हैं। उनका मानना है कि अब व्यवसाय परिवर्तित कर फल की दुकान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें ज्यादा लाभ प्राप्त होगा। मुरैना के श्री विष्णु राठौर ऋण मिल जाने पर अब फल और सब्जी का ठेला लगायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में उनकी पोहे की दुकान थी। सरकार से मिली मदद से उन्हें काफी राहत मिली है उन्हें परिवार के लिए 3 माह का राशन भी मिला है। उज्जवला योजना में पत्नी के नाम रसोई गैस कनेक्शन और सिलेंडर मिल चुका है। अभी जून का राशन भी प्राप्त हो गया है।

# किसानों का 2 लाख रु. तक का कर्ज माफ करेंगे : भार्गव



**भोपाल।** मप्र की राजनीति में इनदिनों किसानों की कर्जमाफी पर रार मचा हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से किसान कर्जमाफी को लेकर लगातार सवाल पूछ रहे हैं। ऐसे में कैबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव ने सागर जिले के राहतगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में संकेत दिया है कि सरकार किसानों की कर्जमाफी पर मुहर लगाएगी। 24 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए सरकार किसानों को खुश करने की कवायद में जुटी हुई है। क्योंकि जिन सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से अधिकांश किसान बहुल हैं। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि मंत्री गोपाल भार्गव ने सोची-समझी रणनीति के तहत किसान कर्जमाफी का मुद्दा उठाया है। भार्गव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्जा माफ करेगी। यही नहीं उन्होंने लोगों को विश्वास भी दिलाया कि मैंने नेता प्रतिपक्ष रहते हुए जो मुद्दे उठाए थे, आज भाजपा उन्हें पूरा करेगी। आपके 2 लाख रुपए तक का कर्ज भले ही कांग्रेस ने माफ न किया हो लेकिन भाजपा माफ करेगी। कांग्रेस ने कसम खाकर कहा था कि हम बेरोजगारी भत्ता देंगे। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि जितना भी हो सकेगा, वचन उनका था लेकिन निभाएंगे हम। भार्गव ने कहा कि ऐसे दर्जनों विषय थे जिनके कारण सिंधिया और उनके समर्थकों को यह परिवर्तन करना पड़ा। जानकारी के अनुसार 10 मार्च तक की स्थिति में 23 लाख किसानों का 8 हजार करोड़ रु. का कर्ज माफ भी हो चुका है। लेकिन, शेष बचे 22.81 लाख किसान अभी भी कर्जमाफी के इंतजार में हैं। इसलिए वे कर्ज नहीं चुका रहे। इस कारण एक साल में कृषि खातों में नॉन परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) करीब 24 प्रतिशत बढ़ गया है।

## आधार कार्ड में अब पता बदलवाना हुआ आसान

**भोपाल ।** आधार कार्ड में नया पता अब आसानी से परिवर्तित करा सकेंगे। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने एक नया फॉर्मेट जारी किया है। इस फॉर्मेट को भरने के बाद सांसद विधायक अथवा वार्ड के पार्षद से हस्ताक्षर करा कर ऐड्रेस प्रूफ के दस्तावेज देकर अब आधार कार्ड में पता चेंज कराया जा सकता है। यह फॉर्मेट ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध है। इसके पहले आधार कार्ड में पता चेंज कराने के लिए भी पासपोर्ट वोटर आईडी पैन कार्ड फोटो युक्त बैंक पासबुक मैनेजर के हस्ताक्षर वाली रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट इत्यादि की जरूरत होती थी। नई व्यवस्था में अब उक्त-दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे



भोपाल में रविवार को मध्यप्रदेश में संपूर्ण लॉकडाउन होने पर राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर पसरा सन्नाटा

## मास्क न पहनने वाले व्यक्तियों के लिए होगा रोको-टोको कार्यक्रम

**भोपाल।** सरकार अब मास्क न पहनने वाले व्यक्तियों के लिए %रोको -टोको % कार्यक्रम चलाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग करना अनिवार्य है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने वाले व्यक्तियों को चयनित स्वयंसेवी संस्थाए मास्क उपलब्ध कराँएगी और संबंधित से 20 रूपये प्रति मास्क की दर से राशि वसूल करेगी। कलेक्टर इस कार्य के लिए जिले में बेहतर कार्य कर रहीं स्वयंसेवी संस्थानों का चयन करेंगे। चयन करते समय संस्थान में उपलब्ध व्यक्तियों की संख्या, संस्थान की विश्वसनीयता और कार्यक्षमता को ध्यान में रखा जायेगा। ऐसी संस्थानों का पंजीकरण जिला नोडल अधिकारी पोर्टल पर करेंगे। कलेक्टर ऐसे सार्वजनिक स्थलों, जहाँ पुलिस द्वारा चौकियाँ लगाई जाती हैं, का चयन करेंगे। इन स्थलों पर चयनित संस्थानों को मास्क के प्रचार -प्रसार के लिए स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। चयनित संस्थाओं को जीवन शक्ति योजना% में निर्मित 100 मास्क क्रेडिट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। मास्क के विक्रय होने पर संस्था सम्बंधित नगरीय निकाय के नोडल अधिकारी को 11 रूपए प्रति मास्क की दर से भुगतान करेगी। किसी भी समय संस्थान के पास एक समय में 100 मास्क क्रेडिट के रूप में रखे जा सकेंगे।

# विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से



**भोपाल ।** राज्य सरकार विधानसभा में बजट पेश करने से पहले प्रदेश का आर्थिक सर्वे पेश करेगी। इससे पता चलेगा कि प्रदेश आर्थिक सक्षमता में देश में किस स्थान पर है। कोरोना संक्रमण के चलते प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय कितनी रह गई है। कोरोना ने आर्थिक रूप से राज्य सरकार को कितना नुकसान पहुंचाया। इसका जवाब आर्थिक सर्वेक्षण में मिलेगा। सूत्रों की माने तो पिछले साल प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में 9.71 फीसद बढ़ोतरी के आंकड़े सामने आए थे। विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। चार दिनी इस सत्र में सरकार सदन से वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट पास कराएगी। इससे पहले प्रदेश के आर्थिक हालातों पर सरकार विधानसभा पटल पर सर्वे रखेगी। इसमें बताया जाएगा कि लॉकडाउन के चलते करीब 14.50 लाख श्रमिकों की दूसरे प्रदेशों से वापसी के बाद प्रति व्यक्ति आय में कितनी गिरावट आई है और राष्ट्रीय औसत की तुलना में गरीबी का स्तर कहां पहुंचा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में शिक्षा, स्वास्थ्य, अनाज खरीदी से लेकर तमाम क्षेत्रों की स्थिति का ताजा आकलन रहेगा। इसके अलावा सर्वेक्षण में प्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण बिंदु भी शामिल रहेंगे।

## 1 अक्टूबर से लागू होगा रेलवे का नया टाइम टेबल

**भोपाल ।** 1 अक्टूबर से नया टाइम टेबल रेलवे द्वारा लागू किया जाना प्रस्तावित है। नए रेलवे के टाइम टेबल में ट्रेनों की औसत रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाएगी। कमिश्नर रेलवे सेफ्टी ने एलएचबी कोच के साथ इस ट्रेन की औसत रफ्तार 110 किलोमीटर से बढ़ाकर 130 किलोमीटर करने की अनुमति दे दी है। अगस्त माह में बीना से झांसी के बीच इसका फाइनल ट्रायल किया जाएगा। भोपाल एक्सप्रेस शताब्दी एक्सप्रेस दक्षिण एक्सप्रेस जबलपुर नई दिल्ली श्रीधाम एक्सप्रेस सहित लगभग सभी सुपर फास्ट ट्रेन दिल्ली से इटारसी के बीच जिनमें एचएचबी कोच लगे होंगे वह 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी।

## मोदी-शाह का सामना करने होना पड़ेगा आक्रामक : दिग्विजय

**भोपाल ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सामना करने के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसा आक्रामक होना पड़ेगा। पार्टी में कुछ लोग इसके पक्ष में नहीं हैं तो उन्हें कांग्रेस में नहीं रहना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भाजपा के हमलों में कांग्रेस नेताओं की चुप्पी पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने मोर्चा खोला है। उन्होंने खुलकर दोनों का समर्थन करते हुए राहुल गांधी से पार्टी का नेतृत्व संभालने की अपील की। दिग्विजय ने शनिवार दोपहर अपने ट्विटर हैंडल से कांग्रेस संगठन को लेकर कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने स्वयं ही पार्टी अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल के नेता का पद छोड़ा था। कांग्रेस में कोई भी उनका विरोधी नहीं है। कांग्रेस में कोई भी नहीं चाहता कि मोदी के प्रति नरम रवैया अपनाया जाए। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देश व उत्तर प्रदेश के हित में आक्रामक ढंग से मुद्दे उठाते हैं और वे इसका समर्थन करते हैं। इन नेताओं में सार्वजनिक रूप से मोदी के खिलाफ बयान देने की हिम्मत है। दिग्विजय सिंह ने मोदी-शाह को चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि गांधी-नेहरू परिवार ने अंग्रेजों के शासन में निर्भीकता से सालों जेल में गुजारे हैं तो इसलिए वे गलत धारणा न बनाएं कि उसे ईडी, आइटी और सीबीआइ से डराया जा सकता है। दिग्विजय ने कांग्रेस नेतृत्व को लेकर लिखा कि पार्टी के सामने जो चुनौतियां हैं, उसके लिए राहुल-प्रियंका गांधी जैसे आक्रामक नेतृत्व की जरूरत है। ये लोग भाजपा के मोदी-शाह की जोड़ी के खिलाफ ताकत के साथ लड़ सकते हैं।

# भोपाल में कोरोना बिस्फोट; अब तक के सभी रिकॉर्ड टूटे

## राजधानी में एक दिन में 106 नए केस




**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में कोरोना बिस्फोट हुआ है। राजधानी ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक दिन में कोरोना के नए केस की सैंचुरी पार कर ली है। रविवार को 106 लोग कोरोना पॉजिटिव आए हैं। यह अब तक एक दिन में भोपाल में सबसे ज्यादा मामले हैं। राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या 3604 हो गई है, वहीं प्रदेश में संक्रमितों की संख्या 17,201 हो गई है। वहीं भोपाल में 46 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। अनलॉक के बाद से ही भोपाल समेत प्रदेशभर में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को राजधानी में 95 मरीज सामने आए थे। वही रविवार को 106 नए संक्रमित मिल है। कई नए क्षेत्र में कोरोना का संक्रमण मिला है। यह स्थिति चौकाने वाली है। रविवार को एमपीनगर जोन एक में स्थिति एक अखबार के दफ्तर से 2 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं मिराकल अस्पताल एमपीनगर जोन, डीमार्ट बरखेड़ी, नगर निगम कालोनी, टीबी अस्पताल, आरटीओ ऑफिस शाहजहांनाबाद से एक-एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले हैं। जहांगीराबाद क्षेत्र से 2 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं नेहरूनगर और विनर स्टैंड चुना भट्टी से 3 लोग संक्रमित निकले हैं। जबकि ओमशिव कॉलोनी लालघाटी से एक ही परिवार से तीन लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राजधानी में अब तक 3604 कोरोना संक्रमित मरीज मिल हैं। इनमें से 2688 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। यानी शहर में कोरोना के कुल 795 एक्टिव केस हैं। यहां अब तक 121 लोगों की मौत हो चुकी है। ये आंकड़े बताते हैं की राजधानी में संक्रमितों के स्वस्थ होने की रफ्तार संतोषजनक है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक दिन पहले ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढने पर चिंता जताई थी। इसके बाद रविवार को उन्होंने ग्वालियर और मुरैना में जाकर जिला प्रशासन के साथ इसकी रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए थे। मुरैना में 101 और ग्वालियर में 58 मरीज रविवार को पॉजिटिव आए हैं। समीक्षा में शिवराज ने बताया कि शनिवार तक एक सप्ताह में 2053 पॉजीटिव प्रकरणों में 1.1 प्रतिशत की दर से 22 संक्रमितों की मौत हुई है। प्रदेश में कोरोना की बढ़ती संख्या के कारण अब कंटेनमेंट इलाकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को 1313 से बढ़कर 1350 हुए थे, जो शुक्रवार को 1462 हो गए। शुक्रवार को एक दिन में प्रदेश में 112 कंटेनमेंट इलाके बढ़ गए थे। शनिवार को यह बढ़कर 1518 तक पहुंच गए हैं। प्रदेश में सैंपल लिए जाने की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को कुल 13 हजार 520 संदिग्धों के सैंपल लिए गए। इनमें से 12 हजार 976 सैंपलों की रिपोर्ट निगेटिव आई, जबकि 382 की रिपोर्ट रिजेक्ट हो गई।

## संपादकीए

### स्टार्टअप की हालत

अर्थव्यवस्था को गति देने और देश में बेरोजगारी दूर करने के मकसद से छह साल पहले नवोन्मेष की नई संकल्पना के साथ उद्यम (स्टार्टअप) शुरू करने की जो पहल शुरू हुई थी, उससे बड़ी उम्मीदें जगी थीं। लगा था कि पढ़े-लिखे नौजवान नई सोच के साथ नया काम शुरू करेंगे और इससे विकास का नया मार्ग प्रशस्त होगा। लेकिन तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि ज्यादातर ऐसे नए कारोबारों का बीच में ही दम फूलने लगेगा। लाखों नौजवानों ने अपनी सकारात्मक ऊर्जा और पूंजी लगाते हुए छोटी-छोटी कंपनियां बनाईं और काम शुरू किया। लेकिन आज इनमें से ज्यादातर उद्यमी हताश होकर काम बंद कर चुके हैं। फिर, जब से कोरोना महामारी के कारण पैदा हुए हालात में तो इन नए उद्यमियों पर तो जैसे पहाड़ टूट गया। जिन नए उद्यमों की बदौलत अर्थव्यवस्था को एक सहारा मिलने की उम्मीद की जा रही थी, वही उद्यम अब दिन दिन गिन रहे हैं। औद्योगिक संगठन नैस्कॉम के ताजा सर्वे के मुताबिक बीते तीन महीनों में ही 90 फीसद नई कंपनियां कमाई के सारे स्रोत सूखने के कारण या तो बंद हो गई हैं या बंदी की कगार पर हैं। इनमें से 30 से 40 फीसद ने अपना कामकाज रोक दिया है। हालांकि 70 फीसद उद्यम इस उम्मीद में हैं कि उन्हें जिंदा रखने के लिए नए सिरे से कोष मुहैया कराया जाएगा। लेकिन यहां मौजू सवाल यह है कि जिन बड़े पूंजीपतियों ने भारी कमाई के नजरिए से ऐसी नई कंपनियों में पहले से ही अच्छा निवेश कर रखा था, बेहिसाब घाटे की सूरतों में अब वे इनमें नया निवेश क्यों करेंगे। सवाल इस तरह के उद्यमों को लेकर सरकार की मंशा पर भी है। जो सरकार करोड़ों रोजगारों के लुभावने सपनों और दावों के साथ इस तरह के अभियान छेड़ती है, वह इनके डूबने की खबर मिलने पर वैसे ही आर्थिक पैकेज क्यों नहीं मुहैया कराती, जैसे कि बड़े औद्योगिक घरानों को दिए जाते हैं। संकट की वजह से हाल में कई उद्यमों को अपने यहां कर्मचारियों की छंटनी के लिए मजबूर होना पड़ा है। इनमें कई कंपनियां तो ऐसी भी हैं जिन्होंने बीते एक साल में दस करोड़ डॉलर की पूंजी देशी-विदेशी निवेशकों से जुटाई है। फिर भी एक मोटे अनुमान के मुताबिक देश में 2004 के बाद से खुली एक हजार से ज्यादा कंपनियों में से दो सौ कंपनियों को तो अब कोई मदद नहीं मिल रही है और तीस से पचास कंपनियां कर्ज में डूब कर दिवालिया हो चुकी हैं। वर्ष 2016 से ऐसे उद्यमों (स्टार्टअप) के कामकाज का लेखाजोखा रखने वाली शोध कंपनी ट्रैक्सन टेक्नोलॉजी ने तो बंद हो रही कंपनियों के लिए %डेडपूल' जैसे शब्द का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इस संगठन के कहना है कि बीते चार साल में देश के भीतर शुरू हुई छोटी-बड़ी करीब 14 हजार कंपनियां घाटे, बुरे प्रबंधन और मांग में कमी के कारण बंद कर दी गई हैं। इनमें से ढाई सौ कंपनियां बीते दो महीने में बंद हुई हैं और आने वाले महीनों में इससे भी बुरा वक्त इनकी किस्मत में है। कहने को कोविड-19 को नया काम शुरू करने वाली कंपनियों के लिए इतिहास का सबसे बुरा दौर कहा जा रहा है। लेकिन सच्चाई यह है कि इनके लिए शुरुआती दौर को छोड़ कर अच्छा समय तो कभी आया भी नहीं। अभी भी जो स्टार्टअप कंपनियां बची हुई हैं, उनमें से अधिकतर के संस्थापक-संचालक यह उम्मीद कर रहे हैं कि उनका अधिग्रहण कर लिया जाएगा और किसी न किसी तरह से और पूंजी जुटा कर उन्हें तब तक चलाने की कोशिश की जाएगी, जब तक कि वे लाभ की स्थिति में नहीं आ जातीं। देश को हर मामले में आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं से कोई कामधंधा खड़ा कर अपने जैसे दूसरे बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के लिए शुरू किए गए स्टार्टअप अभियान का फिलहाल हासिल यही है कि बड़े पूंजीपति भी अब उनके नाम से कन्नी काटने लगे हैं। इस बारे में उनका मत है कि इस अभियान के नाम पर नए नजरिए वाले कारोबार को अनंतकाल तक पैसा देते हुए घाटा नहीं सहा जा सकता। हालांकि कई बड़े उद्योगपति आरंभ में इस तरह की नई कारोबारी कंपनियों के मुरीद रहे हैं।

## वीरों की ललकार

एल ए सी जाना तो  
झांकी है  
सरप्राईज अभी बाकी  
है  
एल ए सी बदल  
गया है  
वार प्लान बन  
गया है  
एल ए सी पर अब  
अलग होगा  
बीजिंग काप उठेगा  
आया है चंदग्रहन  
चीन को नहीं मिलेगी  
अब शरण  
हिन्द का चक्रव्यूह  
है तैयार  
चीन पर होगा वार  
सेना तैयार  
वायुसेना भी बेकरार  
वायुसेना चीफ का एलान  
चौबीसों घंटे रेडी फोर  
फायर  
सुखोई और मिग  
का जमघट  
ड्रैगन का होगा  
अब मरघट  
गलवान में टूटेगा  
चीन का गुरूर।।

**बिनोद साव**  
**पश्चिम बंगाल**



अधरों पर झूठी मुस्कानें,पर नयनों में नीर भरा है  
कैसी नियति लिखी ईश्वर ने, स्वप्नों का संसार  
मरा है।।1।।

आशा के विपरीत बही मैं,  
सरिता की गति साथ नहीं थी।  
समझ न पायी मैं कुछ भी कब,  
गलत और कब बनी सही थी।

मौन पसारे सागर का तट, इधर ह्रदय का पीर हरा है।  
अधरों पर झूठी मुस्कानें,पर नयनों में नीर भरा है।।2।।

भावों का मधुमास छीनकर,  
ठगा ह्रदय, विश्वास कहाँ है?  
भेद दिया मन का भोलापन,  
स्वप्नों का आकाश जहाँ है।

अब मैं खिड़की खड़ी निहारूँ एकाकी मन, प्यार खरा है।  
अधरों पर झूठी मुस्कानें,पर नयनों में नीर भरा है।।3।।



रीना गोयल सरस्वती  
नगर (हरियाणा)

# स्वर्ग से कम नहीं हैं विश्व की सबसे बड़ी गौ शाला



गौ धूलि वेला में गायों के सौंदर्यमय दर्शन के लिए लालायित देवता भी गौ शाला में गौ सेवा करने के लिए होड़ में लगे हुए होते हैं, ऐसा ही एक अविश्वसनीय स्थान जहां लाखों गायों की सेवा की जा रही हैं।

पश्चिमी राजस्थान के जालोर ज़िले स्थित पथमेड़ा गौ शाला जो विश्व की सबसे बड़ी गौ शाला है। इस गौ शाला में लाखों की संख्या में गायों की सेवा की जा रही है, सेंकड़ों की संख्या में गौ सेवक कार्य कर रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गायों के लिए चारा अथवा पोष्टिक आहार की व्यवस्था की जा रही है लेकिन विगत कुछ समय में वैश्विक महामारी गायों के मुँह से निवाला छीनने की कोशिश कर रही है।फ़िर भी यहाँ पर गायों के संयम को देखा जा सकता है

गाय के महत्व को देखकर सरकार और समस्त भारतीय लोगों को इस विकट परिस्थितियों में मानव जाति के साथ साथ अपने अपने क्षेत्र के गौ शाला में यथायोग्य सहयोग देना चाहिए।आज धार्मिक अंधता ने लोगों में एक- दूसरे धर्म के प्रति द्वेष भावना को अत्यंत व्यापक रूप से फैला दिया है

आज गाय के गुणों का अन्य धर्म की धारणा देकर बहिष्कार कर दिया जाता है। भारत में आज बहुतायत में गायों का कत्ल किया जा रहा है वो भी सरकारी मान्यता के साथ।

लेकिन वास्तविक दृष्टि से देखा जाए तो गायों को मारने से ज्यादा बचाने के लाभ हैं प्रकृति जिस प्रकार हमें निस्वार्थ वस्तुएं प्रदान करती हैं ठीक उसी प्रकार गाय भी निस्वार्थ भाव से अनेक वस्तुएं प्रदान करती हैं जैसे पंचगव्य, गाय के दूध, दही, घृत, गौमय और गौ मूत्र से बनता है, जो शरीर के समस्त रोगों को दूर करने का सामर्थ्य रखता है। गौ संरक्षण का कार्य पथमेड़ा गौ शाला अनवरत 25 सालों से कर रहा हैं। और सबसे रोचक बात यह है कि इस गौ शाला के द्वारा संचालित एक नंदीशाला जिसमें हज़ारों की संख्या में बेल अथवा नंदी(सांड) की निस्वार्थ भाव से सेवा की जा रही है। आज विषम परिस्थितियों में भी पूर्ण रूप से गायों की सेवा की जा रही हैं लेकिन हज़ारों की संख्या में कार्यरत सेवा कर्मियों के लिए परिवार पालन की आवश्यक वस्तुओं हेतु पूरे भारत से सहयोग की आशा हैं। आज हमारे देश में गाय को काटकर पैसे कमाने की जगह यदि गाय का संरक्षण करके उससे प्राप्त प्रत्येक अवयवों का सम्पूर्ण रूप से निर्वहन किया जाए तो भारत को विकसित अथवा महाशक्ति शाली बनने से कोई रोक नहीं सकता।

इधर मनुष्य की उदारता देखो जब कोई पशु अथवा पक्षी पूर्ण रूप से समाप्त होने के कगार पर आ जाते हैं तब उनके लिए कानून बनाया जाता है जैसे जब बाघ पूर्ण रूप से विलुप्त के कगार पर आए तब उनके लिए बाघ संरक्षण अधिनियम बनाया गया। यदि आप पहले कानून बनाते तो वो लुप्त भी नहीं होते वैसे ही आज गायों की संख्या बहुत बड़ी मात्रा में हैं लेकिन उनके संरक्षण के लिए कोई कानून नहीं लेकिन जब ये भी लुप्त के कगार पर आ जाएगी तब उनके संरक्षण के लिए कानून बनाया जाएगा पर तब वह कानून किस काम आएगा?



**कवि दशरथ प्रजापत**  
**पथमेड़ा, जालोर (राजस्थान)**

# कोरोना के साथ कैसे जियेंगे लोग?

कोरोना महामारी से आज पूरी दुनिया पीड़ित नजर आ रही है। भारत में तो हर दिन स्थिति पहले से अधिक खराब होती जा रही है। कोरोना पॉजिटिव केस सामने आने की रफ्तार तेजी से बढ़ती जा रही है। कोरोना के कारण देश में करीबन 2 महीने तक चार बार किए गए लोडाउन के बाद अब देश में अनलाक 2.0 चल रहा है। सरकार इस बात की पूरी कोशिश कर रही है कि धीरे-धीरे जनजीवन पूर्व की भांति सामान्य स्थिति में आ जाए। इसीलिए एक-एक कर पाबंदियां हटाई जा रही है। ताकि लोग लॉकडाउन से पहले की तरह ही सामान्य जनजीवन जीने लगे। सरकार का प्रयास है कि कोरोना संक्रमण के विस्तार को हर हाल में रोका जाए। मगर कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। दुनिया में भारत इकलौता ऐसा देश बन गया है। जहां संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीते 5 दिनों में ही एक लाख नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। कोरोना संक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। कोरोना संक्रमण केसा की संख्या के मामले में भारत अब सिर्फ अमेरिका और ब्राजील से ही पीछे है। अमेरिका में कोरोना से 28 लाख 39 हजार से ज्यादा मामले हैं। वहीं ब्राजील में यह आंकड़ा 15 लाख 77 हजार है। अमेरिका में कोरोना महामारी की चपेट में आने से अब तक एक लाख 29 हजार 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं ब्राजील में इससे करीबन 64 हजार से ज्यादा लोगों ने जान गवा दी है। भारत में गत दिनों एक दिन में रिकॉर्ड 25 हजार नए केस दर्ज किए गए हैं। जो अब तक का सबसे बड़ा डरावना आंकड़ा है। भारत में कोरोना से अब तक सात लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। यहां करीबन 20 हजार लागों की कोरोना से मौत हो चुकी है। जबकि चार लाख तीस हजार लोग ठीक हो चुके हैं। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक 5 जुलाई तक देश में टेस्ट किए गए सैंम्पलो की कुल संख्या एक करोड़ के करीबन है। जिनमें एक दिन में सबसे अधिक एक लाख 81 हजार सैंपल टेस्ट किए गए हैं। दुनिया में कोरोना से संक्रमित लोगों का आंकड़ा एक करोड़ 15 लाख से अधिक हो चुका है। दुनिया के करीब 213 देश अभी तक इस महामारी की चपेट में आ चुके हैं। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या ब्राजील, भारत और रूस में है। भारत में सबसे अधिक कोरोना का संक्रमण महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडू, तेलंगाना, कर्नाटका, गुजरात, राजस्थान में है। इन राज्यों में देश के करीब 80 प्रतिशत कोरोना संक्रमित लोग पाए गए हैं। मगर यहां सबसे अच्छी बात यह है कि भारत में कोरोना पॉजिटिव से रिकवर कर नेगेटिव होने वालों की संख्या अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। भारत में करीबन औसतन 61 प्रतिशत कोरोना संक्रमित लोग स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। कोरोना के उपचार के लिए देश में इस समय 1105 बायो लेबोरेटरी काम कर रही है। जिनमें से 788 सरकारी क्षेत्र की व 317 निजी क्षेत्र की है। कोरोना की रोकथाम के लिए भारत में अभी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन सेवा, जल परिवहन सेवा बंद है। देश में भी एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाने के लिए सीमित संख्या में हवाई जहाज एवं रेल गाड़ियां संचालित की जा रही है। देश में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण इन दिनों लोगों में पहले से अधिक भय व्याप्त हो रहा है। कोरोना से देश का हर नागरिक खुद को डरा हुआ महसूस कर रहा है। इसी कारण बहुत कम संख्या में लोग घरों से बाहर निकाल रहे हैं। रेल गाडियां, हवाई जहाज, बसो में भी बहुत कम लोग यात्रा कर रहे हैं। कोरोना का लोगो में कितना भय है इसकी एक बानगी मैंने स्वयं देखी महसूस की है। मेरे एक नजदीकी रिश्तेदार को वृद्धावस्था के चलते शुगर, बीपी, निमोनिया की बीमारी के उपचार के लिए जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनकी प्रथम जांच में कोरोना की रिपोर्ट नेगेटिव आ गई थी। लेकिन दूसरे दिन फिर जांच करवायी गयी। जिसमें उनको कोरोना पाजिटिव पाया गया। इसके बाद उनको एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवा दिया गया। एक सप्ताह बाद उनकी मृत्यु हो गई। इसी दौरान उनके परिवार के सभी लोगों की कोरोना जांच करवाई गई। जिसमें अधिकांश लोग पोजिटिव पाये गये। तब उन सबको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया।




# वर्तमान की आवश्यकता इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प

**डॉ.अरविन्द प्रेमचंद जैन)**

जब से कोरोना संक्रमण आया हैं उसके बाद से करोड़ों लोगों का व्यापार /नौकरी /आजीविका समाप्त होने से आत्महत्या /अवसाद की संख्या बढ़ती जा रही हैं। यह बात कहना बहुत सरल हैं की हमें अपना आत्मविश्वास /मनोबल नहीं गिरने देना चाहिए। पर व्यवहारिक जीवन में इसको अपनाना सहज नहीं होता हैं। जब मनुष्य को अपना भविष्य अंधकारमय दिखाई देता हैं और हर तरफ से निराशा घिरने लगती हैं ,विकल्प न होने से वह पलायनवादी प्रवत्ति को अपनाने को बाध्य होने लगता हैं या हो जाता हैं। आज मानव समाज का बहुभाग पेट के संघर्ष और अस्तित्व के लिए लड़ रहा हैं। इस काल खंड ने मनुष्यों को सीमितता में जीना सीखा दिया और तो और अपने भी बेगाने लगने लगे। इस बीमारी ने सबको अंतर्मुखी बनाया दिया और सामाजिक दूरियों के कारण हर व्यक्ति दूसरे से संक्रमित होने के भय से मिलना भी नहीं चाहता। आज अधिकांश व्यक्ति अपने घरों में रहकर सुरक्षित महसूस कर रहा हैं। लगातार अकेले रहने और सामाजिकता के अभाव में उसकी इच्छाशक्ति जीवन के प्रति कम होने लगी और उसमे आत्मविश्वास की कमी होने लगी। उसमे नकारात्मकता अधिक आने लगी या आ गयी। इसके लिए सकारात्मक भाव का होना नितांत आवश्यक हैं। इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प जीवन को सफल बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। जीवन के हर चरण और हर पेशे में इसकी आवश्यकता होती है। इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू है। दृढ़ इच्छा शक्ति वाले व्यक्ति में दृढ़ संकल्प अवश्य ही मौजूद होता है। हर कोई दृढ़ इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ ही पैदा होता है, जिसे वह अपनी रोजमर्रा की बाधाओं को दूर करने के लिए उपयोग करता है। किसके पास कितनी दृढ़ इच्छा शक्ति है, यह आने वाले बाधाओं से कैसे निपटता है उस पर निर्भर करता है? ध्यान एक ऐसी विधि है जिससे हम अपनी एकाग्रता को बढ़ा सकते है। इसके निरन्तर अभ्यास से ये आपके मन को शांत रखता है, ताकि आपके दिमाग से बातें खत्म हो सके और आप अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सके। आपको यह बताने की आवश्यकता नहीं कि इसके कारण आप और अधिक एकाग्रचित्त होंगे, जिससे आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ संकल्प रहेंगे। दृढ़ शक्ति और संकल्प स्थाई नहीं होते है, इसके लिए आपको अपनी मानसिक और शारीरिक अंगों को हर तरीके से उपयोग में लाना आवश्यक है। आपको किसी भी क्षण अपनी इच्छा शक्ति को खोकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। आपकी इच्छा शक्ति हमेशा एक जैसी होनी चाहिए। इसके लिए आपको खुद को प्रेरित रखना चाहिए। इसके लिए हर सुबह उठकर आपको खुद को याद दिलाना चाहिए कि आपको यह लक्ष्य प्राप्त करना है। आपकी यह प्रेरणा ही आपके दृढ़ संकल्पित लक्ष्य की प्राप्ति में परिवर्तित हो जाएगा। भाग्य खतरनाक होता है, यह आपके आत्मविश्वास को डगमगा कर और आपके लक्ष्य तक पहुचने से आपको रोकता है। जिस क्षण आप अपने भाग्य पर विश्वास करने लगते है, वही पर आपका आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प पीछे की ओर हट जाता है। ऐसे में आपकी इच्छा शक्ति कुछ नहीं कर पाती जब आप अपने लक्ष्य को भाग्य पर छोड़ देते है। जो व्यक्ति अपने भाग्य के भरोसे बैठा रहता है वह कुछ करने के बजाय उस घटना के अपने आप हो जाने की प्रतिक्षा करता है। इसलिए आप चाहते है कि लोग आपकी इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास के बारे में बात करे तो मै यही कहूँगा कि आप अपने भाग्य पर भरोसा करना छोड़ दें।



## कमल

कोमलता,शुभ,निर्मलता का यह परिचायक है।  
नयनों को भाने वाले पुष्पों का नायक है।  
देव करों की शोभा है यह पूजा का संसाधन-  
सुख,समृद्धि,शांति,शीतलता सदा प्रदायक है।  
नयन,चरण,कर,मुख- मण्डल का यह उपमान मनोहर।  
लक्ष्मी जी के शुभ कर में यह शोभा पाता सुन्दर।  
भारत का राष्ट्रीय पुष्प है  
फूलो का यह राजा-  
पावनतम कहलाता जग  
में,कीचड़ में भी खिलकर।



**श्याम सुन्दर**  
**श्रीवास्तव कोमल**

## गुरु महिमा

तेरी महिमा अपार, आया में तेरे द्वार।  
मेरी नैय्या को कर, देना भव से पार।।

जब से आया हूँ में, तेरी छाया तले।  
मिट गये सारे तम, मुझको गुरुवर  
मिले।।



गुरु चरणों की रज से, हो जीवन  
सफल।  
जो भी आशीष पाता, ना होता  
विफल।।

तुम बिन ज्ञान के, दीप कैसे जले।  
बिन गुरु के विधाता भी, कैसे मिले।।

दिया हमको ज्ञान, करते है गुणगान।  
गुरु के नाम का, हमको है अभिमान।।

कोई हमको, हिमालय सी पीर दे।  
साथ हे जो गुरु, तो उसे चिर दे।।

अ से अनपढ़ थे हम, ज्ञ से ज्ञानी बने।  
रीती थी मेरी बगियाँ, तुम माली बने।।

विद्या के मंदिर की, तुम वो मूरत हो।  
करते दर्शन सभी, तुम वो सूरत हो।

गुरु ही पूज्य है, गुरु ही सर्व है।  
गुरु वंदन करो, गुरु का पर्व है।।

करो स्वीकार मेरा, नमन गुरुवर।  
भेंट करता ÷कमल÷,मेरे पूज्यवर।।

**कमलेश शर्मा ÷कवि कमल÷**  
**अरनोद, जिला–प्रतापगढ़ (राज.)**

## घुमड़-घुमड़ घन वरषो बदरा


अब तो जल वरषाओ।।  
तपती धरती सूखे पोखर  
सबकी प्यास बुझाओ।।  
खिले कुमुदनी जंगल की  
मयूर तिनक धिन नाचे।।  
दामिणी की चमक ताल पर  
बदरा ढोलक बनकर बाजे।  
सिंधु भी सागर से मिलने  
कल-कल करती भागे।।  
वरषाने की राधा बनकर  
हर बाला कृष्ण अलापे।  
सजनी-साजन के सूखे प्रेम में  
सागर सी ठंडक आये।।  
सरस मिलन हो अबनि-अम्बर का  
धरती चहक-महक खिल जाये।।



**नेहा सोनी**  
**आलमपुर भिण्ड मप्र**

## हम सब हैं

हम ट्री हैं  
पृथ्वी के बारे में  
हाँ...  
हम चल रहे हैं ट्रीज़  
पृथ्वी के बारे में  
हाँ...  
हम मानव वृक्ष हैं  
पृथ्वी के बारे में  
हाँ...  
हम प्यारे प्यारे पेड़ हैं  
पृथ्वी के बारे में  
हाँ...  
हम बिना मूल्य के हैं  
पौधों का पेड़  
पृथ्वी के बारे में



अभी...  
कैसे?  
पृथ्वी को देखो  
फिर से बारिश नहीं हुई  
इतने पेड़ की मौत  
बार बार  
हम क्या करें?  
अब पेड़ और पृथ्वी के बारे में क्या?

मुझे बताना  
मैं इंतजार कर रहा हूं  
कल पृथ्वी भूकंप


**ओटेरी सेल्वा कुमार**

## 'ढाई अक्षर'

÷गीत - ग़ज़लों÷ के पन्नों से, बात बने ना बने;  
÷ढाई अक्षर÷ ÷प्रेम÷ के कह दो, तो हर बात बने!

इन्सानियत का दामन, हो गया है तार - तार;  
÷प्यार÷ के धागे से सी दो, तो हर  
बात बने!

कदम कदम पर सिसकियां, भर रही  
मुफलिसी;  
गले लगाएं गरीब को कोई, तो हर  
बात बने!



अमीरी गरीबी का भेद ही नहीं रहेगा ऐ ÷शेख÷;  
बटवारा हो ÷काले धन÷ का, तो हर बात बने!

लालच ÷दहेज÷ की, जलाती रहेगी हर दुल्हन;  
ठुकरादे दहेज को हर लड़का, तो हर बात बने!

काले-धंधे, जुआं-शराब, घूंसखोरी, बलात्कार;  
कानून को माने, कानून से डरे, तो हर बात बने!

**कवि– मुख्तार शेख**  
**÷मनमाडी÷**




# अभिनेत्री सुष्मिता सेन का एक पैर पर बैठकर संतुलित योगा देख लोग अंचभित

मुंबई । कोरोना वायरस से जूझती पूरी दुनिया में लोग परेशान है वहीं इस दौरान हमेशा व्यस्त रहने वाले बॉलीवुड अभिनेता घर पर खाली बैठे समय गुजार रहे हैं। लेकिन इस दौरान सभी सोशल मीडिया पर जबरदस्त सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। सोशल एकाउंट्स पर सभी सेलेब्रिटीज अपने फॉलोवर्स के साथ निजी जिंदगी की झलक शेयर कर रहे हैं। कोई किचन में खाना बना रहा तो कोई वर्कआउट सेशन के बारे में अपडेट्स दे रहा है। हाल ही में एक ऐसा ही पोस्ट सुष्मिता सेन ने भी शेयर किया है। इस पोस्ट में वो एक योगा पोज करती दिखाई दे रही हैं, जिसमें उनका हैरान कर देने वाला बॉडी संतुलन दिखाई दे रहा है। सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर योगा करते हुए अपनी एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में उन्होंने केवल पैरों की उंगलियों पर ही अपना संतुलन बनाया हुआ है। इस फोटो को शेयर करते हुए सुष्मिता सेन ने बताया कि %ये चुनौती मैंने खुद को को दी है%। इसके साथ ही उन्होंने इस चैलेंज को अपने फॉलोवर्स से भी ट्राई करने को कहा है। इस फोटो में उनका कमाल का बॉडी बैलेंस देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं। यही कारण है सुष्मिता की ये फोटो सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही है। फोटो में सुष्मिता ने इतना मुश्किल योगा पोज किया है लेकिन उनके चेहरे पर एक भी शिकन नहीं है। वो पूरी तरह से शांत और ध्यान मग्न नजर आ रही हैं। बॉडी बैलेंस के साथ-साथ उनका फोकस भी तारीफ के काबिल है। इस फोटो के साथ उन्होंने ये भी बताया कि ये आसन करना उनके लिए आसान नहीं था। वो शुरुआत में कई बार गिर पड़ी थीं लेकिन निरंतर प्रयास और फोकस से वो इसे करने में सफल हो गईं। बता दें कि बाकी स्टार्स की तरह सुष्मिता सेन भी कोरोना वायरस के चलते सेल्फ आइसोलेशन में हैं। वो अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। जिसकी झलक वो अक्सर सोशल मीडिया पर देती दिखाई दे जाती हैं।

## नोरा फतेही के डांस वीडियो ने मचाया तहलका

अपने लॉकडाउन के दिनों का इस्तेमाल अपनी डांस मूव्स को और भी बेहतर करने के लिए कर रही हैं। उनका अभिनेत्री नोरा फतेही का एक डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो को अब तक इंस्टाग्राम



पर लगभग 23 लाख बार देखा गया है। वीडियो में अभिनेत्री हर एक स्टेप बहुत ही स्मूथ तरीके से कर रही हैं। व्हाइट टॉप और ग्रे ट्राउजर में अभिनेत्री का लुक भी बहुत जबरदस्त लग रहा है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर शेयर की गई पोस्ट को कैप्शन देते हुए नोरा ने लिखा, ÷आखिरकार सीख गई। कोर्नी सॉन्ग पर लाइव क्लास डांस रुटीन।÷ हालांकि, नोरा का दावा है कि वो अभी सीख रही हैं, जबकि प्रशंसकों को लगता है कि %स्ट्रीट डांसर 3 डी% अभिनेत्री ने इसे बहुत बेहतरीन किया है। अपने कैप्शन में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें पैरिस गोबेल का काम काफी पसंद है।

## चोली के पीछे गाने पर जबरदस्त डांस करती दिखी आलिया



आलिया भट्ट बॉलिवुड की चहेती स्टार हैं। स्टूडेंट ऑफ द इयर% से डेब्यू करने के बाद लगातार बेहतरीन फिल्में दे रही हैं। वह अपनी अभिनय से भी खुद को साबित कर चुकी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इस बीच आलिया का एक मजेदार डांस वीडियों सामने आया है। इस वीडियो में आलिया अपनी दोस्तों के साथ %चोली के पीछे% गाने पर जबरदस्त डांस करती दिखाई दे रही हैं। फिल्मफेयर के ऑफिशल अकाउंट पर यह वीडियो है। इसमें आलिया अपने दोस्तों के साथ हैं। आलिया की अगली फिल्म %ब्रह्मास्त्र% होगी। इसमें उनके साथ रणबीर कपूर और अमिताभ बच्चन भी होंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग कोरोना वायरस की वजह से रुक गई है। इसके अलावा आलिया %गंगूबाई काठियावाड़ी%, %तख्त% और %आरआरआर% में नजर आएंगी।

## अमेरिका में फंसी अभिनेत्री सौंदर्या ने लगाई गुहार



कोरोना वायरस के प्रकोप से जूझ रही दुनिया में सबका एक ही प्रयास है कि वह अपने देश और अपने घर पर सुरक्षित रहे। बॉलिवुड अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा इस समय अमेरिका में हैं और उन्होंने भारतीय दूतावास और मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स से मदद की गुहार लगाई है। अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा इस वक्त लॉस ऐंजिलिस में हैं। कोरोना महामारी के बीच वह हिंदुस्तान आने के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि यह कठिन समय है और यहां फंसे सैकड़ों छात्रों और ऐसे लोगों के लिए दुख है जिनके पास न घर है न रिसोर्सेज। सौंदर्या ने बताया कि उन्होंने इंडियन एंबेसी और मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स से यहां से निकलने के लिए मदद मांगी है। हालांकि न तो पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है न ही फंसे हुए भारतीयों को कोई मदद मिली है, जो खाने तक को मोहताज हैं।

## बेटी संग मटर छील रहे नजर आए कुणाल खेमू

कोरोना संकट के कारण जारी लॉकडाउन ने सबको घर में कैद कर दिया है ऐसे बॉलिवुड कलाकार इन दिनों घर में काम करते हुए अपने फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। लॉकडाउन की वजह से सभी ने खुद को क?वारंटीन कर रखा है। हाल ही में अभिनेत्री सोहा अली खान अपनी बेटी इनाया और पति की एक तस?वीर शेयर की। इसमें दोनों मटर छीलते हुए नजर आ रहे हैं। पिक?चर को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप?शन दिया, %यह मटर टाइम है। बेहद क?यूट।%



## लाइव डांस वीडियो में नोरा फतेही ने मचाया धमाल, लगाए जबरदस्त ठुमके

**मुंबई।** ऑयटम सांग के लिए खासी ख्यात हो चुकी बॉलीवुड की अभिनेत्री नोरा फतेही इन दिनों अपने डांस मूव्ह से धमाल मचा रही हैं। नोरा फतेही के डांस और परफॉर्मेंस के सभी कायल हैं। नोरा के प्रशंसक सिर्फ भारत ही नहीं पूरे विश्व में है, इसमें खास बात यह भी उनके फैंस सिर्फ युवा ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। सोशल मीडिया पर उनके पुराने वीडियो भी वायरल हो जाते हैं। लॉकडाउन के इन दिनों में घर में रहकर नोरा डांस के जरिए वर्क आउट कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जो खूब वायरल हो रहा है। नोरा फतेही सेल्फ आइसोलेशल में हैं और इन दिनों अपनी सेहत का पूरा ख्याल रख रही हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में उन्होंने वीडियो शेयर करके लोगों की दिलों की धड़कन बड़ा दी हैं। नोरा का जबरदस्त डांस वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री के डांस स्टेप्स और उनका अंदाज देखने लायक है। वीडियो में अभिनेत्री हर एक स्टेप बहुत ही स्मूथ तरीके से कर रही हैं। नोरा ने व्हाइट टॉप और ग्रे ट्राउजर में लुक भी बहुत जबरदस्त लग रहा है। वीडियो को पोस्ट करते हुए उन्होने लिखा, %आखिरकार सीख गई। कोर्नी सॉन्ग पर लाइव क्लास डांस रुटीन।% यह पहली बार नहीं है जब नोरा फतेही ने अपने डांस से सबका दिल जीत लिया हो। कई बॉलीवुड फिल्मों में भी नोरा फतेही ने अपने डांस से धमाल मचाकर रख दिया था। उनके गानों में %दिलबर%, %कमरिया%, %साकी साकी%, %एक तो कम जिंदगानी% और %गर्मी सॉन्ग% शामिल है, जिसने प्रशंसकों का दिल जीत चुकी हैं।

# ऋतिक की साली की शिकायत पर ट्विटर ने सस्पेंड किया रंगोली चंदेल का ट्विटर अकाउंट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की बहन रंगोली चंदेल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रंगोली हर सामाजिक-राजनीतिक मुद्दे पर खुलकर राय रखती हैं। सोशल मीडिया पर वो कई बार कंगना का पक्ष लेते हुए बड़े-बड़े सेलेब्स को भी आड़े हाथों लेती रहती हैं। हाल ही में एक विवादित टिप्पणी की शिकायत के बाद उनका ट्विटर अकाउंट सस्पेंड हो गया है। बालीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन की बहन फराह खान अली ने इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद ट्विटर ने रंगोली चंदेल का अकाउंट सस्पेंड करने की चेतावनी दी थी। रंगोली फिर भी ऐसे पोस्ट करती रहीं कि ट्विटर ने एक्शन लेते हुए उनका अकाउंट सस्पेंड कर दिया। विवादित ट्वीट्स न करने की चेतावनी की बात भी उन्होंने खुद ट्वीट करके बताई थी। रंगोली ने लिखा था, ट्विटर की ओर से मुझे चेतावनी मिली है। दरअसल, रंगोली ने हाल ही में डॉक्टरों और पुलिस पर हुए हमले को लेकर ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, %एक जमाती की कोरोना से मौत हो गई, जब पुलिस और डॉक्टर उसके परिवार को चेक करने



गए तो उन्होंने उनपर (पुलिस और डॉक्टर) हमला कर दिया और मार दिया। इन मुल्लाओं-धर्मनिरपेक्ष मीडिया को एक पंक्ति में खड़ा करके गोली मार देनी चाहिए। इतिहास में वे हमें नाजी कह सकते हैं, किसे चिंता है,जिदंगी फेक इमेज से ज्यादा जरूरी है। ऋतिक रोशन की साली फराह खान अली ने ट्विटर एकाउन्ट खत्म करने के लिए ट्विटर इंडिया को धन्यवाद दिया है। उन्होंने ट्वीट किया - शुक्रिया, ट्विटर, ट्विटर इंडिया इस अकाउंट को सस्पेंड करने के लिए। मैंने इसकी शिकायत की थी, क्योंकि वह लगातार एक विषेश समुदाय को निशाना बना रही थी और उदारवादी मीडिया के साथ गोली मारने के लिए कहा था। इसके साछ ही उन्होंने खुद की तुलना नाजियों से की थी। आपको बता दें कि रंगोली ने विवादित ट्वीट मुरादाबाद वाली घटना के लेकर किया था, जहां कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए डॉक्टर और मेडिकल स्टॉफ की टीम पहुंची थी, तभी स्थानीय लोगों ने उनपर हमला कर दिया। घटना मुरादाबाद जिले के नवाबपुरा पुलिस थाने क्षेत्र में घटित हुई थी।



ताइपे में अभिनेत्री जिंगल वेंग व अभिनेता मो टजू झी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री के अवार्ड मिले।

# मालाबार युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को आमंत्रण दिए जाने से चीन की छटपटा बढ़ी



**पेइचिंग।** चीन के खिलाफ दुनिया के कई देशों के एक जुट होने और हिंद महासागर में होने वाले मालाबार युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को आमंत्रण दिए जाने से चीन छटपटा रहा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ने लिखा कि भारत ने मालाबार युद्धाभ्यास में इस साल ऑस्ट्रेलिया को शामिल करने की योजना बनाई है जिसके पीछे रणनीतिक कारण हैं। अभी तक इस युद्धाभ्यास में भारत अमेरिका और जापान की नौसेना ही हिस्सा लेती रही हैं। इस साल ऐसा पहली बार होगा जब ऑस्ट्रेलिया की नौसेना भी इस युद्धाभ्यास में भाग लेगी। मालाबार नौसैनिक युद्धाभ्यास की शुरुआत 1992 में अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय सैन्य डील के रूप में हुई थी। जापान इस युद्धाभ्यास में 2015 में शामिल हुआ था। इस अभ्यास को तीन देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अखबार ने अपने संपादकीय में लिखा कि चीन के साथ हालिया सीमा विवाद के बीच भारत दो कारणों से इस युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को शामिल कर रहा है। पहला, चीन पर इस युद्धाभ्यास के जरिए दबाव डालना है। जबकि, दूसरा- चीन के खिलाफ एक रणनीतिक गठबंधन को तैयार करना है। भारत की रणनीति पूरे हिंद महासागर और दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करना है। चीनी सरकार के मुखपत्र ने दावा किया कि भारत इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका को पाने के लिए अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का समर्थन पाना चाहता है। मालाबार युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को बुलाना उसके समर्थन को पाने के लिए किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सहायता से भारत मलक्का जलडमरूमध्य में अधिक निगरानी बढ़ाना चाहता है। इससे दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में भारत का प्रभाव बढ़ेगा। बता दें कि इस रूट पर निगरानी कर भारत चीन के पनडुब्बियों और युद्धपोतों पर नजर रख सकता है।

# दक्षिण अफ्रीका के चर्च में बंधकों को मुक्त कराने के दौरान 5 लोगों की मौत, 40 से ज्यादा गिरफ्तार



**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका में जोहान्सबर्ग के एक चर्च में तड़के बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के अभियान में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया इंटरनेशनल पेंटकोस्टल होलिनेस चर्च में गोलीबारी की खबरें मिलने के बाद पुलिस और सैनिकों ने कार्रवाई की। इस अभियान में शामिल जवानों को एक कार में चार शव मिले। एक अन्य कार में एक सुरक्षाकर्मी का शव मिला। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया है, जिन्हें चर्च में बंधक बना लिया गया था। बयान में हालांकि यह नहीं बताया गया है कि कितने लोगों को बचाया गया है।

पुलिस ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि चर्च के सदस्यों के बीच विवाद में सशस्त्र लोगों के एक समूह ने हमला किया। पुलिस को वहां से 30 से ज्यादा हथियार मिले हैं। राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त ने कहा सुरक्षा बलों की समय से कार्रवाई के कारण कई लोगों की जान बच गई। बयान के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में पुलिस, रक्षा बल के सदस्य भी शामिल हैं।

## अमेरिका में चार गोलियां लगने से घायल बच्चे की हालत में दिखाई दिया सुधार

**अटलांटा ।** अमेरिका के अटलांटा शहर में बुधवार रात हुई गोलीबारी में घायल हुए नौ साल के बच्चे की सर्जरी की गई। उसकी मां कियोना कार्सन ने बताया कि सर्जरी के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि जावोनी नाम के इस बच्चे को चार गोलियां लगी थी।कियोना कार्सन ने बताया कि उनका बेटा जावोनी कार्सन पूर्वी अटलांटा में टिकटॉक वीडियो बना रहा था जब किसी ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें जावोनी और दो किशोर घायल हो गए। कियोना कार्सन ने बताया कि इसी बीच अचानक कोई गाड़ी चलाते हुए आया और उसने अकारण गोलीबारी शुरू कर दी।पुलिस ने बताया कि सभी घायलों के जीवित बचने की संभावना है। पुलिस का मानना है कि किसी झगड़े के बाद गोलीबारी शुरू हुई होगी। इस घटना के संबंध में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।



तेल अवीव में आर्थिक मामलों को लेकर नई इजरायल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

## चीन में 5.1 तीव्रता का भूकंप, बीजिंग सहित कई हिस्सों में हिली धरती

**बीजिंग ।** चीन के उत्तरी हेबेई प्रांत के तंगशान शहर को रविवार को 5.1 तीव्रता के भूकंप ने हिलाकर रख दिया है। हालांकि, भूकंप के दौरान किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। बीजिंग समेत आस-पास के अन्य इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने बताया कि भूकंप सुबह छह बजकर 38 मिनट पर आया, जिसका केंद्र गुये जिले में 10 किलोमीटर की गहराई में था। इसके बाद सात बजकर दो मिनट पर जिले में 2.2 तीव्रता का दूसरा झटका आया। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अग्निशमनकर्मियों को जिले के लिए रवाना किया गया है। रेल विभाग ने इलाके से गुजरने वाली यात्री रेल सेवा पर रोक लगाने के लिए तत्काल आपात योजना शुरू की और रेल उपकरणों एवं अन्य सुविधाओं का समग्र निरीक्षण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तंगशान में 1976 में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में 2,42,000 लोगों की मौत हो गई थी।

# चीन के भंडाफोड़ के लिए मदद कर रहे वुहान लैब के एक्सपर्ट?

**ट्रंप के मुख्य रणनीतिज्ञ स्टीव बैनन का दावा**

**न्यूयॉर्क ।** चीन के वुहान की लैब के एक्सपर्ट पश्चिमी खुफिया इंटेलिजेंस के साथ आकर मिल गए हैं। यह दावा किया है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख्य रणनीतिज्ञ स्टीव बैनन ने। उन्होंने कहा है कि इनकी मदद से एजेंसियां पेइचिंग के खिलाफ इस बात का केस तैयार कर रही हैं कि कोरोना वायरस की महामारी वुहान की वायरॉलजी लैब से लीक हुई थी और उसे छिपाना हत्या के बराबर है। इससे पहले हॉन्ग-कॉन्ग की एक एक्सपर्ट भी इस बात का आरोप लगाकर वहां से भाग निकली हैं कि कोरोना वायरस के बारे में चीन और डब्ल्यूएचओ को पहले पता चल गया था लेकिन उन्होंने इसे छिपाकर रखा। वहीं, बैनन ने पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे एक साथ मिलकर चीन के %क्रूर और सत्तावादी% शासन को हटाने के लिए काम करे। उन्होंने दावा किया है कि चीन से भागे हुए कुछ लोग एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और समझने की कोशिश कर रहे हैं कि वुहान में क्या हुआ था। उन्होंने दावा किया, %वे अभी मीडिया से बात नहीं कर रहे हैं लेकिन वुहान और दूसरे लैब के लोग पश्चिम आए हैं और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ सबूत दे रहे हैं। मुझे लगता है लोग हैरान रहने वाले हैं।% बैनन ने दावा किया है कि चीन और हॉन्ग-कॉन्ग से फरवरी के बाद से लोग आ रहे हैं और अमेरिका कानूनी केस तैयार कर रहा है जिसमें वक्त लग सकता है। अमेरिका की नैशनल सिक्यॉरिटी काउंसिल में शामिल रह चुके बैनन ने कहा कि जासूस यह केस तैयार कर रहे हैं कि चीन के लैब में एसएआरएस-जैसे वायरसों की वैक्सीन और दवा तैयार करने के एक्सपेरिमेंट के दौरान वहां से वायरस लीक हो गया। उन्होंने आशंका जताई है कि लैब में ऐसे खतरनाक एक्सपेरिमेंट किए जा रहे थे जिनकी इजाजत नहीं थी और वायरस किसी इंसान के जरिए या गलती से लैब से बाहर आ गया। उन्होंने दावा किया है कि डिफेक्टर्स अमेरिका, यूरोप और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई है कि खुफिया एजेंसियों के पास इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस है और लैब में जाने वालों की जानकारी है जिससे अहम सबूत मिले हैं।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आंतकी हाफिज व साथियों के बैंक खाते किए बहाल

**पेशावर।** पाकिस्तान ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद सहित जमात-उद-दावा व लश्कर-ए-तैयबा के 5 नेताओं के सील बैंक खातों को फिर से बहाल कर दिया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति से औपचारिक हरी झंडी मिलने के बाद यह कदम उठाया है। जिन लोगों के बैंक खातों को फिर से बहाल किया गया है,उसमें आतंकी हाफिज के अलावा जमात-उद-दावा नेता अब्दुल सलाम भुट्टावी, हाजी एम अशरफ, याह्या मुजाहिद और जफर इकबाल शामिल हैं। हालांकि, ये सभी यूएनएससी के सूचीबद्ध आतंकवादी हैं, और वर्तमान में पंजाब काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट द्वारा उनके खिलाफ दायर आतंकी वित्तपोषण मामलों में लाहौर जेल में 1 से 5 साल की सजा काट रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अपने परिवार के गुजर बसर का हवाला देकर एक नेता ने संयुक्त राष्ट्र से अपील की थी कि वह उसके बैंक खातों को फिर से इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। आतंकवादी संगठन के एक नेता



ने कहा कि शुरू में हम अपील दायर नहीं करना चाहते थे लेकिन हमें इस दायर करने की सलाह दी गई क्योंकि हमारे नेताओं के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा था। वहीं, बताया गया है कि इन नेताओं ने पाकिस्तान सरकार से अपने अनुरोध में अपनी वित्तीय आय और कमाई के स्त्रोतों के बारे में भी बताया था। उसी को उनके बैंक खाता नंबर और अन्य संबंधित विवरणों के साथ यूएनएससी को भेज दिया गया।

## दक्षिण अफ्रीका के चर्च में बंधकों को मुक्त कराने के दौरान 5 लोगों की मौत, 40 से ज्यादा गिरफ्तार

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका में जोहान्सबर्ग के एक चर्च में तड़के बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के अभियान में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया इंटरनेशनल पेंटकोस्टल होलिनेस चर्च में गोलीबारी की खबरें मिलने के बाद पुलिस और सैनिकों ने कार्रवाई की। इस अभियान में शामिल जवानों को एक कार में चार शव मिले। एक अन्य कार में एक सुरक्षाकर्मी का शव मिला। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया है, जिन्हें चर्च में बंधक बना लिया गया था। बयान में हालांकि यह नहीं बताया गया है कि कितने लोगों को बचाया गया है। पुलिस ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि चर्च के सदस्यों के बीच विवाद में सशस्त्र लोगों के एक समूह ने हमला किया। पुलिस को वहां से 30 से ज्यादा हथियार मिले हैं। राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त ने कहा सुरक्षा बलों की समय से कार्रवाई के कारण कई लोगों की जान बच गई।




लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटोन के डोमिनिक केलवर्ट और साउथेंपटनके खिलाड़ियों के बीच झड़प हो गयी।

## गिरावट के साथ खुले बाजार

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से शुक्रवार के कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने भी कमजोरी के साथ शुरुआत की है। सेंसेक्स में करीब 150 अंकों की गिरावट देखने को मिल रही है। दिग्गज शेयरों के साथ ही मिडकैप शेयरों में भी कमजोरी देखने को मिल रही है। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.43 फीसदी की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली नजर आ रही है। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.04 फीसदी की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स करीब 100 अंक की कमजोरी के साथ 36,640 के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी करीब 45 अंक की कमजोरी के साथ 10,790 के आसपास कारोबार कर रहा है। पिछले सत्र में बीएसई सेंसेक्स 408.68 अंक बढ़कर 36,737.69 पर और एनएसई निफ्टी 107.70 अंक चढ़कर 10,813.45 पर बंद हुआ था।

## तय समय पर होगा ओलंपिक - ताकाया




**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक के आयोजकों के अनुसार कोरोना वायरस के कारण एक साल के लिए स्थगित किए गए ओलंपिक खेलों का साल 2021 में आयोजन तय समय के अनुसार ही होगा। टोक्यो ओलंपिक के प्रवक्ता मासा ताकाया ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक तय समय पर ही होगा क्योंकि अभी एक साल से अधिक का समय है। ओलंपिक आयोजन समिति का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल ही में हुए एक सर्वे में अधिकतर लोगों ने कहा था कि उन्हें ओलंपिक की उम्मीदें नजर नहीं आती हैं। इस सर्वे के अनुसार केवल 17 फीसदी प्रतिभागियों को लगता है कि कोरोना वायरस महामारी के बावजूद अगले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों को कराया जा सकता है। जापान में जिस प्रकार संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं उससे यह समय आने पर पता चलेगा कि ओलंपिक खेल हो पायेंगे या नहीं।

# होल्डर ने इंग्लैंड को 204 रनों पर समेटा, वेस्टइंडीज 57/1




**साउथैम्पटन।** कप्तान जेसन होल्डर की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पहली पारी में 204 रनों पर समेट दिया। होल्डर ने 42 रन देकर 6 विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरे दिन 5 विकेट पर 106 रनों से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 204 रनों बनाकर पेवेलियन लौट गयी। वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान होल्डर के अलावा शैनन गैब्रियल ने 62 रन पर 4 विकेट लिए। कोरोना महामारी के बाद हुए इस पहले अंतरराष्ट्रीय मैच के पहले दिन बारिश के कारण केवल 17 ओवर ही हो पाये थे जबकि दूसरे दिन आखिरी सत्र में खराब रोशनी के कारण खेल समय से पहले खत्म करना पड़ा। उस समय तक वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 19.3 ओवर में 57 रन बना लिये थे। कार्लोस ब्रेथवेट 20 और शाई होप तीन रन बनाकर खेल रहे थे। आउट होन वाले बल्लेबाज जॉन कैंपबेल रहे। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 21 और जोस बटलर 9 रनों से आगे खेलते हुए छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड को संभालने का प्रयास किया पर इनके आउट होते ही इंग्लैंड के बल्लेबाज ढ़ेर होते गये। होल्डर और शेनन गैब्रियल की गेंदबाजी के सामने मेजबान बल्लेबाज बेबस नजर आये। स्टोक्स ने कप्तानी पारी खेलते हुए 43 रन बनाये। विकेटकीपरी जोस बटलर ने उनका अच्छा साथ दिया और 35 रन बनाये। इसके अलावा डोमिनीक बेस ने 44 गेंदों पर चार चौकों की बदौलत 31 रनों की पारी खेली। । रोरी बर्न् ?स ने 30, जोए डेनली ने 18, जैक क्रॉले ने 10 और ओली पोल ने 12 रन बनाए. इंग्लैंड का छठा विकेट स्टोक्स के रूप में 154 के स्कोर पर गिरा, वहीं 7वां विकेट 157 के स्कोर पर बटलर का गिरा। वहीं मार्क वुड 5 और जेम्स एंडरसन 10 के आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की पारी सिमट गयी।

# ज्वेरेव ने फेरर को कोच बनाया

**बर्लिन ।** जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जैंडर ज्वेरेव ने डेविड फेरर को अपना कोच बनाया है। ज्वेरेव ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह 2013 फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले फेरर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं और कोरोना वायरस महामारी के बाद टूर के फिर शुरु होने का इंतजार कर रहे हैं। फेरर के खेल को अलविदा कहने से पहले अंतिम टूर्नामेंट में पिछले साल मैड्रिड में ज्वेरेव ने दूसरे दौर में उन्हें हराया था। ज्वेरेव ने साथ ही कहा कि उन्होंने बर्लिन में अगले सप्ताह होने वाले प्रदर्शनी सीरीज टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। वह सर्बिया के नोवाक जोकोविच के एड्रिया टूर सीरीज में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। इसमें



जोकोविच कोविड-19 पॉजिटिव पाये गये थे जिसके बाद इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों करे आलोचना का भी शिकार होना पड़ा था। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्होंने अपना नाम वापस लिया है। ज्वेरेव ने कहा कि वह कोरोना वायरस के परीक्षण में नेगेटिव आये हैं।

## पाक टीम को इंग्लैंड दौरे के लिए नहीं मिल रहा प्रायोजक

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इंग्लैंड दौरे के लिए मुख्य प्रायोजक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अपनी जर्सी पर शाहिद अफरीदी फाउंडेशन का लोगो लगाकर ही खेलेंगे। पूर्व कप्तान अफरीदी ने ट्वीट किया, ''हमें खुशी है कि अफरीदी फाउंडेशन का लोगो पाकिस्तानी खिलाड़ियों की किट पर होगा क्योंकि हम पीसीबी के चैरिटी साझेदार हैं। लगातार समर्थन के लिए वसीम खान और पीसीबी को धन्यवाद। इस दौरे के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।'' कोरोना




महामारी के कारण आर्थिक बदहाली में फंसी पीसीबी की प्रायोजन को लेकर एक शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ बात हुई थी और उसने नया टीम लोगो करार करने में रुचि दिखाई पर बोर्ड के मार्केटिंग विशेषज्ञों की उम्मीद से काफी कम राशि की पेशकश की। कंपनी ने बोर्ड के साथ पिछले अनुबंध की राशि का सिर्फ 35 से 40 फीसदी देने की पेशकश की ऐसे में पीसीबी ने उससे करार से इंकार कर दिया। पाकिस्तान को इंग्लैंड दौरे पर तीन टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। पहला टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में पांच से नौ अगस्त तक खेला जाएगा जबकि बाकी बचे दो मैच साउथम्पटन में 13 और 21 अगस्त से शुरू होंगे। दोनों टीमों के बीच सभी टी20 मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में 28 और 30 अगस्त तथा एक सितंबर को खेले जाएंगे।

## पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार तीसरे दिन स्थिर




मुंबई। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की मांग में कमजोरी के चलते एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नरमी दिखाई दे रही है। तीसरे दिन तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। यानी तेल के दाम स्थिर है। इससे तेल ग्राहकों को राहत मिली है। पिछले महीने लगातार 21 दिनों तक ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी करने के बाद बीते एक सप्ताह तक लोगों को थोड़ी राहत मिली थी। पेट्रोल और डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। दिल्ली में आज 10 जुलाई को पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं। यानी कल के भाव से पेट्रोल-डीजल बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 80.43 रुपए प्रति लीटर और डीजल 80.78 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है।

# जल्द आएगा सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड 2

## स्मार्टफोन में है शानदार फीचर्स

**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी सैमसंग जल्द ही नया फोल्डेबल फोन लाने जा रही है। संभावना है कि यह मोबाइल फोन आगामी पांच अगस्त को बाजार में आ जाएगा। जानकारी के मुताबिक, इसका नाम सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड 2 होगा। इसका सीधा मतलब है कि कंपनी अपने सभी फोल्डेबल फोन को गैलेक्सी झेड लाइनअप के तहत लाएगी। इससे पहले कंपनी गैलेक्सी फोल्ड और गैलेक्सी झे फलीप नाम के दो फोल्डेबल फोन बाजार में उतार



चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, नए फोल्डेबल फोन की लॉन्चिंग 5 अगस्त को होने वाले एक ऑनलाइन इवेंट में की जाएगी। अनपेकड नाम के इसी इवेंट में सैमसंग अपने गैलेक्सी नोट 20 और गैलेक्सी झे फलीप के 5जी मॉडल को उतारने जा रही है। फिलहाल सैमसंग के नए गैलेक्सी झेड फोल्ड 2 के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी तो नहीं मिल पाई है, हालांकि माना जा रहा है कि यह काफी हद तक पहले गैलेक्सी फोल्ड जैसा ही होगा। इसमें पहले से बेहतर कैमरा, बड़ी बैटरी मिल सकती है। साथ ही यह इस बार स्टायलस के साथ आ सकता है और वाटरप्रूफ भी हो सकता है। सैमसंग इसमें इनफिनिटी-ओ डिस्प्ले इस्तेमाल कर सकता है और जो पंच-होल डिजाइन वाला होगा। फोन में 12जीबी रैम, 512जीबी स्टोरेज और स्नैपड्रैगन 855 प्रोसेसर मिलता है। फोन को पावर देने के लिए इसमें दो बैटरी दी गई है। दोनों बैटरी की कुल कपैसिटी 4,380 एमएएच है। फिलहाल इस फोन की कीमत 1,73,999 रुपये है। इसमें कुल 6 कैमरे दिए गए हैं। सैमसंग के पहले फोल्डेबल फोन गैलेक्सी फोल्ड में 7.3 इंच का टैबलेट साइज फ्लेक्सिबल डिस्प्ले दिया गया था।

# एक करोड़ से अधिक लागत से बनेगी हजीरा पर नवीन सब्जी मंडी - मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हजीरा इंटक मैदान में 29400 स्क्वेर फिट क्षेत्रफल में एक करोड तीन लाख रूपए की लागत से बनने वाली नवीन सब्जी मंडी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मंच बदला है उदेश्य नही। उदेश्य सिर्फ समाज सेवा है जो में निरंतर करता रहूंगा। ग्वालियर के विकास का पहिया अब चालू हो गया है। शहर का चौतरफा विकास किया जा रहा है। रूके हुए सभी कार्य सुचारू रूप से चालू हो गए हैं। वर्षों पुरानी हजीरे पर लगने वाली सब्जी मंडी को नये स्वरूप में एवं नये स्थान पर आमजन की सुविधा और व्यापारियों की परेशानियों को देखते हुए बनाया जा रहा है। नवीन सब्जी मंडी और फल मंडी एक ही जगह लगने से आमजन और व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होगी। प्रदेश सरकार के मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पुरानी सब्जी मंडी मे सब्जी विक्रेताओं को काफी समस्याओं का सामना करना पडता था। साथ ही पुरानी सब्जी मंडी में 108 चबूतरे थे जो नवीन सब्जी मंडी में 180 चबूतरे बनाये जायेगें जिससे नये लोगों को भी रोजगार मिलेगा




। साथ ही सब्जी मंडी में टीनसेड, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग टाइल्स के साथ ग्रीनरी भी की जायेगी। इंटक मैदान में फल के ठेले पहले ही लगाये जा रहे हैं उनके लिए सर्वसुविधा युक्त स्थान बनाया है। इसी प्रकार नवीन सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं के लिए सर्वसुविधा युक्त नये स्वरूप में स्थान बनाया जायेगा। जिससे वह सम्मान के साथ अपना व्यवसाय कर सकेगें। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने सडकों के लिए 35 करोड रूपये की राशि स्वीकृत की है। साथ ही ग्वालियर के युवाओं के लिए ट्रीपल आईटीएम के सामने खेल स्टेडियम के लिए 10 करोड और मनोरंजनालय का 6 करोड की लागत से भव्य रूप में जिर्णोद्धार किया जायेगा। कांचमिल में बडा पार्क, तिकोनिया पार्क तथा सिविल हॉस्पीटल हजीरा में 50 बेडेड अस्पताल का कार्य प्रगती पर है। ग्वालियर का विकास अब रूकने वाला नही है। वर्षों से बनी हुई गंदे पानी और सीवर की समस्या के लिए शहर में नई लाइने डाली जा रही हैं। इंटक मैदान में नवीन सब्जी मंडी के निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री माया राम तोमर, श्री धारा सिंह सेंगर, पार्षद श्री जगराम कुशवाह, पूर्व पार्षद श्री सुरेन्द्र चैहान, श्री ओमप्रकाश नामदेव, श्री महेश गौतम, श्री अरूण तोमर, श्री रामस्वरूप वरैया, श्री रामसहाय प्रजापति, श्री सुरेश मास्टर, श्री आशाराम शर्मा, डॉ. प्रदीप कश्यप, श्रीमती माल्ती प्रजापति आदि बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित थे।

## बजरंग भक्त मंडल ने की साप्ताहिक गौसेवा



**अमित शर्मा ग्वालियर**

बजरंग भक्त मंडल द्वारा मार्क हॉस्पिटल,गोले का मंदिर में प्रति सप्ताह की जाने वाली गौसेवा के क्रम ने आज रविवार को भी बजरंग भक्त मंडल द्वारा 500 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की गई। मंडल द्वारा ग्वालियर के आम जनो से उक्त गौशाला पहुच कर गौसेवा करने एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की है जिससे गौमाता को असहनीय मृत्यु एवं कष्ट से बचाया जा सके। आज की गौसेवा में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव मुकेश खंडेलवाल,कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम गोयल,उपाध्यक्ष लेखराज प्रेमानी,विशाल गुप्ता,अरविंद शर्मा,आशीष बंसल,अरविंद मित्तल,अमन गर्ग,आदि सदस्य उपस्तिथ थे।

## ग्वालियर में हितग्राहियों को आयुक्त ने दिए स्वीकृति पत्र

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छोटे व्यवसाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये लागू की गई पीएम स्वनिधि योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राहियों से चर्चा की गई। ग्वालियर के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई चर्चा में भाग लिया।




नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने पीएम स्वनिधि योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण–पत्रों का वितरण भी किया। ग्वालियर में योजना के अंतर्गत पंजीकृत पथ विक्रेता 28 हजार 690 हैं। इनमें से 9 हजार 798 का सत्यापन भी कर लिया गया है। पंजीकृत हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत कराने हेतु प्रकरण बैंकों को भेजे जाकर स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर आयुक्त नगर निगम श्री राजेश श्रीवास्तव, उपायुक्त श्री देवेन्द्र चौहान एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## छत से गिरकर महिला की मौत .हत्या का आरोप

**ग्वालियर।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित महाराणा प्रताप नगर में छत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप उसके पति पर लगाया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित महाराणा प्रताप नगर में रहने वाले राकेश सिंह सिकरवार 15 दिन पहले ही सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं! वह अपनी पत्नी अनुराधा 33 वर्ष तथा बेटा अंश 12 वर्ष के साथ रहते हैं! बीते रोज उनकी पत्नी छत से गिरकर घायल हो गई तो महिला को सेना के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया! जहां अनुराधा की मौत हो गई! वहीं मृतका के मायके वालों ने पति पर छत से पटक कर हत्या का आरोप लगाया है! पुलिस ने मृतका का शव पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है!

## झूम के बरसे बदरा ..मौसम हुआ सुहाना. सड़कों पर भरा पानी

**ग्वालियर।** सावन माह में रविवार को टोटल लॉकडाउन के बीच दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में छाए बादल पहले रिमझिम बरसे और उसके बाद करीब 1 घंटे तक शहर में झमाझम बारिश हुई जिससे शहर पानी पानी हो गया! लंबे इंतजार के बाद आज हुई बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया वहीं तापमान में आई गिरावट



से लोगों उमस भरी गर्मी से राहत मिली है! वहीं दूसरी ओर 1 घंटे की तेज बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई जिससे लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा! तो कई इलाकों में बिजली गुल हो गई! दोपहर के समय हुई 1 घंटे की बारिश ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी!

## पुलिस ने चोर दबोचा चोरी का माल बरामद

**ग्वालियर।** शहर की जनक गंज थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का माल बरामद किया है! पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के हनुमान चौराहा निवासी घनश्याम दास मंगल के निर्माणाधीन मकान से पिछले दिनों चोर करीब एक लाख का माल चोरी कर ले गए थे! पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तो सीसीटीवी में 3 लोग नजर आए! पुलिस ने सीसीटीवी में मिले फुटेज के आधार पर एक शातिर चोर राजकुमार उर्फ़ भिंडी को दबोच लिया! पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की वारदात को अंजाम अपने दो नाबालिग साथियों के साथ दिया था! पुलिस ने नाबालिग चोरों की तलाश शुरू करते हुए पकड़े गए चोर से चोरी की इन वारदातों के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है!

### रानीघाटी गौशाला में वृहद वृक्षारोपण, रानीघाटी गौशाला में शीघ्र ही गायों की देखभाल का कार्य प्रारंभ होगा

# गाय की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं : संभाग आयुक्त ओझा

**ग्वालियर।** निराश्रित गौवंश को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश भर में गौशालाओं का निर्माण कर गौवंश को संरक्षित किया जा रहा है। ग्वालियर जिले में रानी घाटी के पास जिला पंचायत के माध्यम से एक आधुनिक गौशाला का निर्माण किया गया है। गौशाला के निर्माण में ग्वालियर गौशाला में सहयोग कर रहे संतों ने भी अपना पूरा योगदान देकर गौशाला के निर्माण तथा गौसंरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रानी घाटी के पास नवनिर्मित गौशाला में रविवार को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री एम बी ओझा, एडीजी श्री राजाबाबू सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, डीएफओ श्री अभिनव पल्लव, ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन, गौशाला के संत श्री अच्चुतानंद, ऋषि महाराज, आत्मानंद आदि संत भी शामिल थे। संभागीय आयुक्त श्री एम बी ओझा ने कहा



कि गौ सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है। निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने के लिये सभी जिलों में गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। गौशालाओं के निर्माण के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों को गौ संरक्षण और संवर्धन के कार्य से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में लाल टिपारा पर नगर निगम द्वारा संचालित गौशाला के बाद अब रानीघाटी में भी बड़ी गौशाला का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके प्रारंभ होने से ग्वालियर जिले में निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने कहा कि ग्वालियर गौशाला और रानीघाटी पर बनाई गई गौशाला में संत जनों द्वारा जो सहयोग दिया जा रहा है वह अनुकरणीय कार्य है। समाज के अन्य वर्गों को भी गौशाला के संचालन में सहभागी बनना चाहिए। जिला पंचायत के माध्यम से गौशाला निर्माण के साथ–साथ हरियाली एवं जल संरक्षण के लिये जो कार्य किए गए हैं उससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में एडीजी श्री राजाबाबू सिंह ने कहा कि निराश्रित गौवंश को संरक्षित करना हम सबकी जवाबदारी है। यह कार्य शासन एवं प्रशासन के भरोसे ही छोड़ना ठीक नहीं है, इसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है। रानीघाटी पर निर्मित की गई गौशाला गौ संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। गौशालाओं में संतों द्वारा दिया जा रहा सहयोग हम सबके लिये एक उदाहरण है। हम सबको भी गौ संरक्षण के लिये अधिक से अधिक सहयोग देना चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत एवं वन विभाग के माध्यम से रानीघाटी पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने बताया कि रानीघाटी पर निर्मित की गई गौशाला में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य भी हाथ में लिया गया है। इसके साथ ही गौशाला के समीप ही चैकडेम का निर्माण, गौशाला के चारों ओर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि 23 लाख 75 हजार रूपए की लागत से एक तालाब का निर्माण भी कराया जा रहा है। सीईओ श्री वर्मा ने बताया कि रानी घाटी पर निर्मित पुरातात्विक महत्व के मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। कार्यक्रम में साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन ने भी कहा कि निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने की दिशा में ग्वालियर जिले में संत समाज द्वारा जो सहयोग दिया जा रहा है वह अनुकरणीय है। ग्वालियर की गौशाला हो या रानीघाटी की गौशाला दोनों ही जगहों पर संत जनों ने आगे बढ़कर अपना भरपूर योगदान दिया है।


स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन./31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478